दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 114 जयपुर, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024 | चैत्र, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## पुलिसवाले के बेटे का सड़क पर खूनी खेल... हत्या का दो दिन बाद हुआ पर्दाफाश, युवक को हिरासत में लिया

# क्रिकेट बैट से सब्जी वाले को पीट-पीटकर बेरहमी से मार डाला

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी जयपुर में एक पुलिस निरीक्षक के बेटे के सब्जी बेचने वाले युवक की बैट से पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या करने का मामला सामने आया है। युवक की हत्या का दो दिन बाद पर्दाफाश हुआ है। आगरा निवासी मृतक मोहन कुमार करणी विहार इलाके में सब्जी बेचकर अपना जीवनयापन करता था। घटना के समय आरोपी के इंस्पेक्टर पिता भी मौजूद थे, लेकिन उन्होंने भी अपने बेटे को रोकने की कोशिश नहीं की। मामले को दो दिन तक दबाए रखा। बुधवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद क्षितिज की इस दरिंदगी का पता चला। क्षितिज क्रिकेट बैट से मोहन पर हमला करते हुए सीसीटीवी वीडियो में नजर आया है। वहीं, मामला सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

इस संबंध में डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि मृतक की बहन ने हत्या का मामला दर्ज कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

### आरोपी के पिता CMO में पुलिस निरीक्षक पद पर तैनात, सीसीटीवी में कैद हुआ खौफनाक मंजर





क्षितिज शर्मा, आरोपी    मोहनलाल सिंधी, मृतक

#### आरोपी ने पिता के सामने ही बैट से चार वार किए

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें क्षितिज के हाथ में बैट दिख रहा है। इसके बाद वह मोहन के सिर पर पीछे से वार करता है। तीन वार के बाद मोहन नीचे गिर गया। इसके बाद क्षितिज ने जमीन पर गिरे मोहन के सिर पर एक बार फिर बैट मारा। बैट से हमला करने के दौरान चिल्लाने की आवाज सुनकर क्षितिज के पिता प्रशांत शर्मा भी बाहर आ गए थे। बताया जा रहा है कि पिता की आंखों के सामने क्षितिज ने मोहन के सिर पर वार कर हत्या की है।

#### हुई थी मामूली कहासुनी


पुलिस के अनुसार इस घटनाक्रम में मारा गए सब्जी बेचने वाले युवक का नाम मोहन कुमार सिंधी था। मोहन मूलत: आगरा का रहने वाला था। वह जयपुर में रहकर सब्जी बेचकर जीवनयापन कर रहा था। मोहन और क्षितिज आपस में जानते भी नहीं थे, लेकिन घर के बाहर कहासुनी के बाद क्षितिज दरिंदगी पर उतर आया। घर से बैट लेकर आया और पीट-पीटकर मोहन को मौत के घाट उतार डाला।

#### पुलिस इंस्पेक्टर भी सीसीटीवी में आया नजर

जिस वक्त मोहन की हत्या हुई, क्षितिज के पिता प्रशांत शर्मा वहां मौजूद थे। घर से बाहर निकलते हुए सीसीटीवी फुटेज में उनकी झलक भी साफ दिखाई दे रही है। मोहन के हत्या के बाद क्षितिज और उसके पिता दोनों युवक का शव कार में डाल कर ले जाते हुए भी सीसीटीवी में दिखाई दिए।

## जरूरी खबर

### ताइवान में 25 साल का सबसे ताकतवर भूकंप



**ताइपे।** ताइवान में बुधवार को आए तेज भूकंप ने सात लोगों की जान ली है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हो गए। भूकंप के बाद जारी सुनामी की चेतावनी रद्द की गई। ताइवान के सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के मुताबिक, बुधवार की सुबह 7.2 तीव्रता वाला भूकंप आया। भूकंप का केंद्र ताइवान के दक्षिणपूर्वी शहर हुआलिएन के पास था। भूचाल जमीन में 15.5 किलोमीटर की गहराई से निकला। इतिहास के सबसे भयानक भूकंप के चलते सात लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हो गए। (पेज 10 भी देखें)

### फर्जी NOC मामले में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन

**जयपुर।** राज्य सरकार ने बुधवार को मानव अंग प्रत्यारोपण के फर्जी एनओसी मामले एवं निजी अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण प्रकरण के संबंध में जांच के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी 15 दिवस में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा, शुभ्रा सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की अध्यक्षता में गठित इस उच्च स्तरीय कमेटी में रजिस्ट्रार राजस्थान मेडिकल काउंसिल, मानव अंग और उत्तक प्रत्यारोपण के प्राधिकृत अधिकारी, वरिष्ठ विधि परामर्शी और शासन उप सचिव चिकित्सा शिक्षा को सदस्य एवं नोडल अधिकारी-एनओटीपी को सदस्य सचिव के रूप में नामित किया गया है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## झालावाड़ में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बोला हमला, कहा...

# कांग्रेस ने तीन लोक में किया घोटाला

**बेधड़क** | जयपुर/झालावाड़

अब लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। भाजपा-कांग्रेस के बड़े नेताओं की चुनावी सभाएं और रैलियां हो रही है। गृह मंत्री अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी की रैली के बाद बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बुधवार को राजस्थान पहुंचे।

जेपी नड्डा ने झालावाड़ में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह के लिए वोट मांगे। नड्डा ने कांग्रेस और इंडी एलायंस पर जुबानी हमला बोलते हुए सभी राजनीतिक पार्टियों को परिवारवाद और भ्रष्टाचार की पार्टी बताया। इंडी एलाइंस पर तंज कर करते हुए नड्डा ने कहा कि इंडी एलायंस भ्रष्टाचार बचाओ एलायंस है। गठबंधन के नेताओं पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि परिवार बचाओ पार्टी चल रही है। कांग्रेस ने तीनों लोकों में घोटाला किया। उन्होंने गगन, पाताल और जल किसी को नहीं छोड़ा। उन्होंने कांग्रेस और अन्य पार्टियों को घोटालेबाज बताते हुए कोल घोटाला, नेशनल हेराल्ड केस, चीनी घोटाला, चावल घोटाला, पनडुब्बी घोटाला सहित कई प्रकार के घोटाले बताते हुए सभी राजनीतिक दलों को घोटालेबाज बताया। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस के अधिकांश नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। आरोप लगाया कि सभी पार्टियां परिवारवाद पर चल रही हैं, लेकिन भाजपा देश को विकास के पथ पर आगे ले जा रही है। नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में लगातार तरक्की कर रहा है। भारत में अकल्पनीय विकास हुआ है तथा भारत का नाम विश्व में जाना जाने लगा है। उन्होंने कहा कि भारत की तस्वीर लगातार बदल रही है, यहां के गांव की तस्वीर भी बदली है।



### कांग्रेस राज में 18 हजार गांवों में नहीं थी बिजली

जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल के दौरान 18 हजार गांव ऐसे थे जिनमें बिजली नहीं पहुंची थी, लेकिन 2014 में नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद मात्र 1000 दिनों में 18 हजार गांव में बिजली भिजवाई. इसके अतिरिक्त साढ़े तीन हजार गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया। 5 लाख गांव में 12 करोड़ शौचालय बनवाए गए, जिससे बहन बेटियों को इज्जत मिली। नड्डा ने कहा कि देश की 80 करोड़ जनता को गरीब कल्याण योजना में मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, वही 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं। पूरे देश में 4 करोड़ पक्के घर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने हैं जिनमें से 20 लाख घर राजस्थान में बने हैं। नड्डा ने कहा कि आप दुष्यंत को 5वीं बार जिता कर भेजो हम वादा करते हैं कि उसके बाद यहां कोई भी कच्चे घरों में नहीं रहेगा।

### 314 कांग्रेसियों ने थामा BJP का दामन

**जयपुर।** प्रदेश की सियासत में बगावत का सिलसिला जारी है। बुधवार को कांग्रेस के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित 314 नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है। प्रदेश बीजेपी मुख्यालय में राजस्थान की सह-प्रभारी विजया रहाटकर ने हनुमानगढ़ से कांग्रेस के पूर्व सांसद शंकर पन्नू, पिलानी से पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, जेजेपी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व एमएलए नंदकिशोर महरिया ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। भाजपा का दामन थामने के बाद पूर्व सांसद शंकर पन्नू ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर निशाना साधा। पन्नू ने कहा कि जिंदगी भर कांग्रेस का निष्ठावान कार्यकर्ता रहा। कांग्रेस ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं को चुन-चुनकर मारा है। कांग्रेस में चाटुकार, बेईमान और बदमाश प्रवृत्ति के लोग आ गए हैं। कांग्रेस अब पार्टी नहीं गिरोह बन गया। 1977 में जब गहलोत हारे, तब भी मैं उनके साथ था। लेकिन अब गहलोत पुत्र मोह में धृतराष्ट्र बन गए हैं। गहलोत में कोई ईमानदारी नहीं बची है। कांग्रेस में समेट लो, खुरच लो, खा लो की परंपरा चल पड़ी है। बीजेपी में आने के बाद आजाद महसूस कर रहा हूं।



## कल चूरू आएंगे मोदी विजय शंखनाद रैली को करेंगे संबोधित



पुष्कर @ जायजा

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेताओं ने प्रदेश में लोकसभा चुनाव का धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया है। अभी दो दिन तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह प्रदेश दौरे पर रहे, वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने कोटपूतली में जनसभा को संबोधित किया। इसके साथ ही बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने झालावाड़ में बीजेपी प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

दो दिन के अंतराल के बाद पीएम मोदी फिर राजस्थान आ रहे हैं। मोदी 5 और 6 अप्रैल को प्रदेश दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी 5 अप्रैल को चूरू में 'विजय शंखनाद सभा' को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी शुक्रवार सुबह 9:15 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलिकॉप्टर से चूरू के लिए रवाना होंगे।

### पुष्कर में 6 को होगी पीएम की सभा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को तीर्थराज पुष्कर आएंगे। यहां मेला मैदान में मोदी की चुनावी सभा होगी। सभा को देखते हुए प्रशासन भी तैयारी में जुट गया है। वहीं भाजपा ने भी अपने स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। अजमेर के पुष्कर मेला ग्राउंड पर होने वाली जनसभा की तैयारियों का बुधवार को प्रदेश महामंत्री विधायक जितेंद्र गोठवाल, नागौर लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता अशोक सैनी, जिलाध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा, शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, पुष्कर नगर पालिका चेयरमैन कमल पाठक, उपमहापौर नीरज जैन ने जायजा लिया। मोदी की सभा में अजमेर लोकसभा क्षेत्र के साथ ही पड़ोसी जिले नागौर से भी बड़ी संख्या में लोग आएंगे।

## चैत्र नवरात्र मेले पर महल प्रशासन का निर्णय

# नहीं होगी हाथी सवारी रात्रि बाजार रहेगा बंद

**बेधड़क** | जयपुर

चैत्र नवरात्रि मेले को देखते हुए आमेर महल प्रशासन ने आमेर महल में हाथी सवारी बंद कर दी है, साथ ही पर्यटकों के लिए बनाए नाइट बाजार को भी मेला पूरा होने तक बंद रखा जाएगा। इस संबंध में आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक ने बताया कि चैत्र नवरात्र में शिला माता के दर्शनों के लिए बड़ी तादात में दर्शनार्थी आते हैं। ऐसे में बढ़ती भीड़ को देखते हुए हाथी की सवारी बंद करने का निर्णय लिया गया है। राजकीय संग्रहालय और आमेर महल अधीक्षक की ओर से यह आदेश जारी किए हैं। हाथी की सवारी बंद होने के साथ-साथ रात्रिकालीन पर्यटन भी बंद कर दिया गया है।

## एसओजी का एक्शन

# 'टैलेंटेड' डमी कैंडिडेट... खुद थर्ड ग्रेड टीचर, अब तक लगा चुका 5 नौकरी

- पढ़ाई में होनहार रोशन ने भी स्टेट लेवल पर 14 और केंद्र की 6 परीक्षाएं दी
- डमी अभ्यर्थी बनकर एक एसआई व भाई सहित 5 रिश्तेदारों का करवाया चयन
- पकड़े जाने के बाद SI मनीष सहित पांचों चयनित अभ्यर्थी फरार

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक केस की जांच में रोजाना चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पेपर लीक केस की जांच कर रही एसओजी ने अब एक ऐसे शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जो अब अब पांच दूसरे अभ्यर्थियों की जगह बतौर डमी कैंडिडेट बैठकर उनको नौकरी लगा चुका है। वह खुद तृतीय श्रेणी टीचर है। एसओजी जैसे ही इस टैलेंटेड कैंडिडेट तक पहुंची वैसे ही इसका पास कराया हुआ थानेदार फरार हो गया। वह दूसरे अभ्यर्थियों की जगह पेपर देकर उनसे अब तक लाखों रुपए वसूल चुका है।

दौसा के एक सरकारी स्कूल में कार्यरत एक थर्ड ग्रेड टीचर पढ़ाई में इतना होनहार है कि उसने इसी ताकत को रुपए की वसूली का जरिया बना लिया। थर्ड ग्रेड शिक्षक बनने के बाद केंद्र व राज्य सरकार की भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बनकर परिचितों का सरकारी नौकरी में चयन कराने वाले दौसा के शिक्षक रोशन मीणा को एसओजी ने गिरफ्तार कर लिया। एसओजी की गिरफ्त में आए थर्ड ग्रेड टीचर रोशन लाल

### डमी कैंडिडेट बनकर अभ्यर्थियों का सरकारी नौकरी में चयन कराने वाला रोशन अरेस्ट

मीणा ने प्रदेश में एक सब इंस्पेक्टर मनीष मीणा, उसके भाई व अन्य रिश्तेदारों के लिए सब इंस्पेक्टर भर्ती, एलडीसी भर्ती व पटवारी भर्ती परीक्षाओं में डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा दी। पढ़ाई में होशियार रोशन ने पेपर इतना अच्छा सॉल्व किया कि सब इंस्पेक्टर सहित पांचों असली अभ्यर्थियों का चयन हो गया। उन्होंने सरकारी नौकरी हासिल भी कर ली। डमी अभ्यर्थी से चयनित हुए मनीष मीणा पुलिस मुख्यालय आईबी में सब इंस्पेक्टर के पद पर, दिनेश मीणा और महेश मीणा दौसा में एलडीसी के पद पर, सागर मीणा और रोशन का भाई दौसा में पटवारी है। एसओजी के अधिकारी अब रोशन मीणा से पूछताछ कर रही है। आरोपी रोशन मीणा डमी कैंडिडेट बनकर परीक्षा देने के लिए 5 लाख रुपए प्रति अभ्यर्थी से वसूल करता था। रोशन की गिरफ्तारी के बाद पांचों चयनित अभ्यर्थी फरार हो गए हैं।



#### दे चुका है 20 परीक्षाएं

रोशन से पूछताछ में सामने आया कि इसके बदले में उसने मोटी रकम भी हासिल की है। उसके बैंक खाते में 5 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन भी सामने आया है। एसओजी की पूछताछ में सामने आया कि रोशन खुद स्टेट लेवल की 14 परीक्षाएं और सेंट्रल लेवल की परीक्षा में बैठ चुका है। उसका सिलेक्शन रेलवे में हेल्पर के लिए हो चुका था। सरकारी टीचर रोशन 2017 से सरकारी टीचर है। फिलहाल सरकारी अंग्रेजी मीडियम स्कूल, प्यारीवास (दौसा) में ग्रेड थर्ड टीचर हैं। पुलिस की आईबी यूनिट में तैनात साल 2018 बैच के एसआई मनीष मीणा, उसके सगे भाई दिनेश मीणा के लिए भी आरोपी ने डमी कैंडिडेट के रूप में परीक्षा दी थी। दिनेश अभी एलडीसी के पद पर तैनात हैं। रोशन ने साल 2021 में भी मनीष मीणा के भाई दीपक के लिए एसआई भर्ती परीक्षा डमी कैंडिडेट के रूप में दी थी। दीपक मीणा लिखित परीक्षा में पास हो गया, लेकिन फिजिकल में फेल हो गया था।

## जरूरी खबर

### मोदी सरकार की नीतियां जन-जन तक पहुंचाएंगे युवा



**बेधड़क.जयपुर।** क्षेत्र के सामोद में युवा टीम स्वाभिमान जयपुर ग्रामीण का कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह का आयोजन में किया गया। इसमें आमेर, झोटवाड़ा, जमवारामगढ़, शाहपूरा, विराटनगर, फुलेरा, कोटपूतली, बानसूर विधानसभा क्षेत्र के तीन सौ ग्राम पंचायत के 500 बूथ पर 50 हजार परिवारों तक पहुंचाने की व्यापक कार्य योजना बनाकर जिम्मेदारियां तय की गई। केंद्र सरकार के 75 प्रमुख निर्णय को आम जनता तक विशेष रूप से नव मतदाताओं तक पहुंचाने की कार्य योजना बनाई गई।

### सूरतगढ-जयपुर रेलसेवा का रूट होगा परिवर्तित

**बेधड़क.जयपुर।** जोधपुर मंडल पर फुलेरा-डेगाना रेलखंड के बीच स्थित नावां सिटी-गोविंदी मारवाड स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण कार्य के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए पूर्व में जिन रेलसेवाओ को आंशिक रद्द किया गया था, अब वह रेलसेवाएं पुनः संचालित होंगी। साथ ही सूरतगढ-जयपुर रेलसेवा मार्ग परिवर्तित रहेगी। इसके तहत जयपुर-सूरतगढ एक्सप्रेस रेलसेवा 27-28 अप्रैल को निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होगी।इसी प्रकार सूरतगढ-जयपुर रेलसेवा 27 अप्रैल को सूरतगढ से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग बीकानेर-चूरू-सीकर-जयपुर होकर चलेगी। परिवर्तित मार्ग में इस रेल का श्रीडूंगरगढ, रतनगढ, चूरू, सीकर, रींगस व ढेहर का बालाजी स्टेशनों पर ठहराव होगा।

### पारीक ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता



**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव आलोक पारीक ने बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा कार्यालय में भाजपा नेता अरूण चतुर्वेदी व अन्य पदाधिकारियों ने उन्हें भाजपा का दुप्पटा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान पारीक ने कहा कि मैं तन-मन-से भाजपा संगठन को ओर अधिक सुदृढ बनाकर एक वटवृक्ष के रूप में खड़ा करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर पारीक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का आभार जताया और लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए काम करने का संकल्प दोहराया।

## सांचौर विधानसभा क्षेत्र के 20 से अधिक गांवों में किया जनसंपर्क, लोगों ने पुष्पवर्षा से किया स्वागत

# आज नामांकन पर्चा भरेंगे वैभव, सभा में पहुंचेंगे पूर्व सीएम

बेधड़क | जयपुर

जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी वैभव गहलोत गुरुवार सुबह 10 बजे अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस अवसर पर जालोर के पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम में नामांकन सभा का आयोजन होगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इस सभा को संबोधित करेंगे। वैभव गहलोत के समर्थन में आयोजित इस सभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राज्यसभा सांसद नीरज डांगी, भीनमाल विधायक समरजीत सिंह, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, रेवदर विधायक मोतीराम कोली शामिल होंगे।



इनके अलावा सुखराम बिश्नोई, संयम लोढ़ा, रमीला मेघवाल, सरोज चौधरी, लीलाराम गरासिया, पुखराज पाराशर, भंवरलाल मेघवाल, आनंद जोशी, हेम सिंह शेखावत, उम सिंह चांदराई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे। नामांकन सभा में शामिल होने के लिए जालोर लोकसभा क्षेत्र के सभी गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण भी पहुंचेंगे।

### BJP को सबक सिखा देगी जालोर की जनता

वैभव ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने सांचौर को जिला घोषित किया। यहां जिला अस्पताल, फूड पार्क, ट्रोमा सेंटर, 5 कॉलेज बनवाने के काम किए, लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि लोगों में भाजपा को लेकर काफी नाराजगी है और आने वाले 26 अप्रैल को यहां की जनता भाजपा को सबक सिखा देगी।

### पुष्पवर्षा से किया वैभव का स्वागत

सांचौर क्षेत्रवासियों ने वैभव गहलोत का स्वागत बड़े जोर-शोर से जेसीबी से पुष्पवर्षा कर किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। वैभव को देखने के लिए बड़ी संख्या में आमजन की मौजूदगी रहे। यहां सर्वसमाज ने वैभव को समर्थन देने की घोषणा की। वैभव ने इस दौरान फूल मुक्तेश्वर शिव मन्दिर, प्राचीन गोलासन हनुमान मन्दिर में धोक लगाई तो गमनानी परिवार द्वारा आयोजित गंगाप्रसादी में भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व विधायक सुखराम बिश्नोई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग कार्यक्रमों में शामिल हुए।

### जनता से संवाद, गोसेवा करने पहुंचे



इससे पहले बुधवार को वैभव गहलोत ने सांचौर विधानसभा के होथीगांव, शिवपुरा, डेडवा, पथमेड़ा, गोलासन, पीर की जाल सहित 20 से अधिक गांवों के लोगों से संवाद किया। वैभव ने उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह सांचौर जिले के लोगों के हर सुख-दुख में साथ खड़े नजर आएंगे। वैभव पथमेड़ा स्थित विश्व की सबसे बड़ी गोशाला श्रीगोधाम महातीर्थ आनंदवन पहुंचे और वहां गो पूजन कर प्रसादी ग्रहण की। यहां गोशरण नंदरामदास महाराज ने उन्हें आशीर्वाद दिया।

## दूसरे चरण के चुनाव के लिए पर्चा भरने का आज अंतिम दिन

# नामांकन का दौर जारी... 37 प्रत्याशियों ने भरे 54 नामांकन

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। बुधवार को 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 37 प्रत्याशियों की ओर से 54 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए गए। इस तरह अब तक 91 प्रत्याशियों ने 143 नामांकन भरे हैं। उधर, बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। लोकसभा चुनाव के दौसरे दौर के लिए गुरुवार को नामांकन भरने का आखिरी दिन है।

बुधवार को भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी सीपी जोशी, पाली से भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी, बाड़मेर से कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल, जालोर-सिरोही सीट से भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी और कोटा से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने नामांकन दाखिल किया। इससे पहले सभाओं का दौर चला। इनमें नेताओं ने एक-दूसरे पर जमकर जुबानी हमला बोला।

### कांग्रेस ने साठ साल तक गरीबों को ठगा: सीएम



**कोटा।** कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से बुधवार को भाजपा से ओम बिरला ने प्रत्याशी के रूप में बुधवार को नामांकन दाखिल किया। ओम बिरला की नामांकन सभा में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद देश का मिजाज बदलने का काम पीएम मोदी ने किया है। कांग्रेस ने 6 दशक तक गरीबी के नाम पर वोट मांगा। इन्होंने गरीबों को ठगने का काम किया। देश में भ्रष्टाचार की जननी कोई है तो वह कांग्रेस है। शहीदों के सिर काट कर ले जाते थे, लेकिन कांग्रेस सरकार मौन रहती थी। इस मौक पर बिरला ने दावा किया कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हम देश में प्रगति, खुशहाली, समृद्धि और शक्ति-समृद्धि को बढ़ाएंगे। तीसरे कार्यकाल में भी अभूतपूर्व निर्णय और फैसला कर देश को आगे ले जाएंगे। इससे पहले उन्होंने कहा कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद से नामांकन भरा है। यहां जनता का आशीर्वाद मुझे मिला है। भाई व बेटे के रूप में मुझे माना है। मैंने दोबारा कोटा संसदीय क्षेत्र से आशीर्वाद मांगा है। मैं कोशिश करूंगा कि जो विश्वास और भरोसा लोगों ने मुझ पर किया है, उसको कायम रखेंगे। बिरला ने यह भी दावा किया कि राजस्थान की 25 में से 25 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी। उन्होंने कहा कि बीते चुनाव की अपेक्षा ज्यादा बहुमत और मतों से हर सीट जीती जाएगी। नामांकन दाखिल करने के दौरान बिरला के साथ प्रदेश के डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, मंत्री मदन दिलावर व हीरालाल नागर सहित कई नेता मौजूद रहे।

### पीपी चौधरी और लुंबाराम चौधरी ने भरा नामांकन

जालोर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी ने बुधवार दोपहर नामांकन दाखिल किया। उनके साथ सिरोही जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह राव, सिरोही जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। पाली से भाजपा प्रत्याशी पीपी चौधरी ने बुधवार को नामांकन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे।



### सीएम झूठा भाषण देकर लोगों को कर रहे भ्रमित: डोटासरा



**बाड़मेर।** कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल ने बुधवार को नामांकन भरा। इस दौरान नामांकन सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मोदी की तानाशाही, हिटलरशाही हटाने के लिए 'इंडिया' गठबंधन बना है। मोदीजी झूठ की गोली, थोथे वादों की गोली लेते 10 साल हो गए। आज बाड़मेर की रैली देखकर मोदीजी को नींद नहीं आएगी। मुख्यमंत्री केवल 3 काम कर रहे हैं। सुबह भ्रमण पर जाते हैं, झूठा भाषण देते हैं और लोगों को भ्रमित करते हैं। 90 दिन में अभी तक कुछ काम नहीं किया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बयान दिया था कि डोटासरा-गहलोत जेल जाएंगे। इस पर डोटासरा ने कहा कि हां जेल तो जाएंगे लेकिन दिलावर जी आप जेल में होंगे तो आपसे मिलने जाएंगे। मां का दूध पीया है तो डोटासरा के गिरेबान में झांककर देखें। डोटासरा ने कहा कि दिलावर साहब मैंने कभी जिंदगी में कोई गलत काम नहीं किया है। आप जैसे आरएसएस के लोग ऐसे घूमते रहेंगे, गोविंद सिंह डोटासरा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। नामांकन सभा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा समेत कई दिग्गज नेता शामिल हुए।

### करप्ट लोगों को भर्ती कर रही बीजेपी: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि देश के चिंताजनक हालात हैं। बेरोजगारी, महंगाई बढ़ती जा रही है। गरीब-अमीर के बीच खाई बढ़ती जा रही है। करप्ट लोगों को बीजेपी भर्ती कर रही है। बीजेपी में जाते ही वो ही लोग साफ छवि के हो जाते हैं। अमेरिका, जर्मनी ने भारत के हालात पर चिंता जताई है। कांग्रेस के खाते बंद कर दिए। इस पर यूएनओ ने भी ऐतराज जताया है।

### धर्म-आस्था व्यक्तिगत निष्ठा का सवाल: जोशी



**भीलवाड़ा।** कांग्रेस से लोकसभा प्रत्याशी सीपी जोशी ने नामांकन भरा। नामांकन भरने के बाद सीपी जोशी ने कलेक्ट्रेट के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। वे बोले कि मंदिर बनाने का काम उन्होंने किया अच्छा किया, सुप्रीम कोर्ट का फैसला था। मंदिर बनना चाहिए सभी की आस्था है, लेकिन मंदिर बनने से देश की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है। धर्म-आस्था व्यक्तिगत निष्ठा का सवाल होता है, देश को निर्माण करने का काम नीति के आधार पर होता है। नीति निर्माण का काम देश की हर पार्टी को करना चाहिए।

## ट्राई रिपोर्ट: जनवरी 2024 में 2.39 लाख ग्राहक जोड़े

# 2.65 करोड़ ग्राहकों के साथ जियो प्रदेश में नंबर 1

बेधड़क | जयपुर

रिलायंस जियो ने राजस्थान में एक बार फिर अच्छा प्रदर्शन किया है। जियो ने राजस्थान में 31 जनवरी, 2024 तक 2.65 करोड़ ग्राहकों का आधार हासिल किया है। इस बड़े ग्राहक आधार के साथ जियो राजस्थान में नंबर एक टेलीकॉम ऑपरेटर के स्थान पर बरकरार है। ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, जनवरी 2024 में जियो ने राजस्थान में कुल 2.39 लाख नए उपभोक्ताओं को जोड़ा और अन्य दूरसंचार ऑपरेटरों से बेहतर प्रदर्शन किया। जनवरी 2024 में भारती एयरटेल ने 1.23 लाख ग्राहक जोड़े। वहीं, वोडाफोन आइडिया और बीएसएनएल ने राजस्थान में क्रमशः 2.20 लाख और 2,022 मौजूदा ग्राहक खो दिए। राजस्थान का कुल वायरलेस सेवा का ग्राहक आधार 31 जनवरी, 2024 तक बढ़कर 6.61 करोड़ पहुंच गया है और इस महीने में कुल ग्राहक आधार 1.40 लाख तक बढ़ा है।




### जियो के बाद भारती एयरटेल

ट्राई की रिपोर्ट अनुसार, जियो राजस्थान में 2.65 करोड़ ग्राहकों के साथ शीर्ष पर है, जिसके बाद भारती एयरटेल 2.32 करोड़, वोडाफोन आइडिया 1.07 करोड़ और बीएसएनएल की ग्राहक संख्या 56.65 लाख रही। जियो राजस्थान के सभी जिलों को जोड़ने वाला एकमात्र 4जी और 5जी नेटवर्क है। वहीं, जियो एयर फाइबर सेवाएं राजस्थान के 352 शहरों और कस्बों एवं उनके आस-पास क्षेत्रों में शुरू हो चुकी है।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने ली वीसी बैठक

# चुनाव शांतिपूर्ण रूप से कराने को रहे सतर्क



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयोग ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्य सचिवों, पुलिस महानिदेशकों, केन्द्रीय सुरक्षा बलों और केन्द्र सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियों एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू एवं सभी राज्यों के आबकारी, राज्य जीएसटी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा, आयकर, केन्द्रीय जीएसटी, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, बीएसएफ और केन्द्रीय पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में पड़ोसी राज्यों के साथ आवश्यक बैठकें की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों और अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। राज्य में मार्च महीने में 430 करोड़ रुपए से अधिक की प्रतिबंधित वस्तुएं जब्त की जा चुकी हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग का नवाचार

# नव दंपतियों और हैप्पी आवर्स में मतदान करने वालों को मिलेगा सम्मान

बेधड़क | जयपुर

राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेशभर में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही निर्वाचन विभाग मतदान दिवस को खास बनाने के लिए इस बार खास नवाचार करने जा रहा है। विधानसभा चुनाव की तर्ज पर मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर सेल्फी पाइंट लगाए जाएंगे। मतदान के बाद यहां सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर



पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सुबह 7 से 10 बजे तक हैप्पी आवर्स में मतदान करने वाले मतदाताओं से पौधारोपण करवाकर सम्मानित किया जाएगा। नवविवाहित वर-वधु द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। संयुक्त परिवार की तीन पीढ़ियों, दादा-दादी, बेटा-बेटी और पोता-पोती द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सम्मानित किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर स्थानीय शुभंकर के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश भी दिया जाएगा। चुनाव में इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने निर्देश दिए हैं।

### 7 और 14 अप्रैल को बूथ स्तरीय कार्यक्रम

गुप्ता ने बताया कि चुनाव के प्रथम चरण के तहत 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में आओ बूथ चले अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन विभाग के विभिन्न जागरुकता अभियानों में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए 7 और 14 अप्रैल को बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका और मतदाता पर्ची के वितरण सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में अलवर, भरतपुर, बीकानेर, चुरू, दौसा, धौलपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, नागौर और सीकर जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रथम चरण के मतदान के लिए 23,651 मतदान केंद्र एवं 719 सहायक मतदान केंद्रों को मिलाकर कुल 24,370 मतदान केंद्र हैं।

### मतदान में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता

मतदान दिवस पर बूथ पर उपलब्ध पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया सहित विशेष योग्यजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए रैम्प, व्हीलचेयर और परिवहन की सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा। साथ ही, विशेष योग्यजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए कतार से इतर प्राथमिकता के आधार पर मतदान के संबंध में भी जागरूक किया जाएगा।

### विज्ञापनों का कराना होगा अधिप्रमाणन

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशों की अनुपालना में प्रत्येक प्रत्याशी को अपने प्रचार-प्रसार के विज्ञापनों का जिला स्तरीय एमसीएमसी प्रकोष्ठ से अधिप्रमाणन करवाना आवश्यक है। यह कहना है जिला स्तरीय एमसीएमसी प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल का। नवल ने यह बात बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही।

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री ने किया शोभायात्रा के पोस्टर का विमोचन



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले शोभायात्रा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया। श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से 17 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया और पोस्टर विमोचन के लिए निवेदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने पोस्टर का विमोचन करते हुए निमंत्रण स्वीकार किया। इस दौरान श्रीराम जन्मोत्सव आयोजन समिति ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि समिति की ओर से 17 अप्रैल को प्रताप नगर में देहलवास बालाजी गणेश मंदिर से शोभायात्रा शुरू होगी।

### वित्त भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**जयपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ और गंगानगर शुगर मिल्स के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को वित्त भवन के डी-ब्लॉक में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त (राजस्व) विभाग के सचिव केके पाठक होंगे। शिविर में लगभग 500 यूनिट रक्त एकत्रित होने की संभावना है। रक्तदान शिविर में संघ के सदस्यों सहित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा सामान्यजन द्वारा रक्तदान किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में कोष एवं लेखा विभाग के निदेशक भूपेश माथुर, निरीक्षण विभाग के निदेशक संजय सोलंकी, स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग के निदेशक मेवाराम जाट और पेंशन विभाग के निदेशक देवराज उपस्थित रहेंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**दशा माता पूजन आज... सुहागिन महिलाएं कथा सुनकर खोलेंगी व्रत**

# 10 गांठ लगाकर हार के रूप में सूत का धागा पहनेंगी महिलाएं

बेधड़क | जयपुर

घर की दशा सुधारने के लिए चैत्र कृष्ण दशमी पर गुरुवार को महिलाएं दशा माता का पूजन करेंगी। सुहागिन महिलाएं गुरुवार को व्रत रखकर पीपल के वृक्ष के नीचे माताजी का पूजन और कथा सुनेंगी। इसके साथ ही, महिलाएं कच्चे सूत के धागे में 10 गांठें लगाकर इसे गले में स्वर्ण हार के रूप में ग्रहण करेंगी। मान्यता है इससे दुख, दारिद्रय का नाश होता है और परिवार में सुख समृद्धि आती है।



### सालभर पहने रहेंगी यह डोरा

ज्योतिषाचार्य आचार्य युगल किशोर शास्त्री ने बताया कि दशा माता की पूजा अर्चना के बाद महिलाएं डोरा को गले में साल भर तक धारण करती हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से सभी परेशानियों से मुक्ति मिलती है और घर के सदस्यों की उन्नति होती है। अगर आप साल भर तक इसको धारण नहीं कर सकते तो वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष में कोई भी अच्छा दिन देखकर माता के चरणों में अर्पित कर सकते हैं।

### पीपल के पेड़ की होती है पूजा

आचार्य युगल किशोर ने बताया कि दशा माता के व्रत में कच्चे सूत का 10 तार का डोरा लेकर उसमें 10 गठाने लगाई जाती हैं। इसके बाद महिलाएं पीपल के वृक्ष की पूजा अर्चना कर 10 बार सूत लपेटते हुए परिक्रमा करती हैं। फिर उस डोरे को गले में धारण कर लेती हैं। दशा माता की पूजा पीपल के पेड़ क छांव में किया जाता है और पीपल के आस पास धागा बांधा जाता है और फिर कथा सुनी जाती है। पूजन करने के बाद महिलाएं घरों पर हल्दी और कुमकुम के छापे लगाती हैं। व्रत करने वाली महिलाएं एक ही समय भोजन करती हैं लेकिन उस भोजन में नमक का प्रयोग नहीं किया जाता। साथ ही भोजन में गेहूं का उपयोग किया जाता है। दशा माता का व्रत जीवन भर किया जाता है और इसका उघापन नहीं होता है।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

दशा माता की पूजा के बारे में बताया जाता है कि होली के दूसरे दिन से ही महिलाएं दशा माता की 10 दिन तक अलग अलग कथा सुनती हैं। फिर चैत्र मात्र के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को दशा माता की पूजा अर्चना करती हैं और फिर पीपल के पेड़ के पास जाकर पूजा अर्चना करती हैं। गुरूवार को महिलाएं दशा माता की पूजा सुबह 6 बजकर 29 मिनट से 8 बजकर 2 मिनट तक, फिर 11 बजकर 8 मिनट से दोपहर 3 बजकर 46 मिनट तक कर सकती हैं।

**आयुक्त ने दिए कॉल सेंटर पर आ रही शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश**

# गीले-सूखे कचरे को अलग करने में जागरूक लोगों का लें सहयोग

बेधड़क | जयपुर

शहर की साफ-सफाई को लेकर ग्रेटर निगम आयुक्त रूकमणि रियाड़ सक्रिय भूमिका निभा रही है। बुधवार को आयुक्त ने ग्रेटर मुख्यालय में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण में लगी फर्म के प्रतिनिधियों, जोन, मुख्यालय उपायुक्तों और संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने सभी को मिशन मोड पर सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुक्त ने पीपीटी के माध्यम से जोनवाईज डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का विश्लेषण किया और एक-एक कर जोन से संबंधित डोर-टू-डोर से जुड़ी फर्म एवं संबंधित जोन उपायुक्त से सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया।

बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का शत-प्रतिशत कवरेज, रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग, रूट चार्ट, जीपीएस, हॉल्ट टाइम, ओपन कचरा डिपो खत्म करने, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर भी चर्चा की।



### कॉल सेंटर की समस्याओं का जल्द हो निस्तारण

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने निर्देश दिए कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का शत प्रतिशत कवरेज हों। जोन के समस्त वार्ड क्षेत्र के सम्पूर्ण घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जायें। हेल्पर प्रत्येक घर से कचरा लेकर हूपर में डाले और कॉल सेन्टर पर आ रही शिकायतों का जल्द निस्तारण किया जाएं। उन्होंने गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण के संबंध में जागरूक नागरिकों का भी सहयोग लेने की बात कही, जिससे आमजन तक गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण को आसानी से समझाया जा सके।

### ऑनलाइन प्रकरणों के संबंध में चर्चा

आयुक्त ने नगर निगम ग्रेटर में संचालित विभिन्न ऑनलाईन प्रकरणों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की, जिसमें ट्रेड लाइसेंस, फायर एनओसी, लीजडीड, सीवर कनेक्शन, म्यूटेशन से संबंधित प्रकरणों पर तुरंत निपटाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा, जोन एवं मुख्यालय उपायुक्त मौजूद रहे।

**जोधपुर से कॉन्स्टेबल को पकड़ा**

# पेपर लीक मामले में 11 और ट्रेनी एसआई को किया गिरफ्तार



बेधड़क | जयपुर

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक और डमी कैंडिडेट के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (SOG) ने 11 और ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया है। साथ ही जोधपुर से एक कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया है। एसओजी की टीम मंगलवार को सुबह करीब 9.30 राजस्थान पुलिस एकेडमी (RPA) पहुंची थी। यहां तीन घंटे तक आरोपियों से पूछताछ की। इसके बाद 15 ट्रेनी एसआई को डिटेन कर एसओजी मुख्यालय लाया गया था। इसमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल थे। यहां पूछताछ के बाद बुधवार को 11 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा एसओजी ने जोधपुर कमिश्नरेट के सदर बाजार थाने में तैनात कॉन्स्टेबल अभिषेक बिश्नोई को भी गिरफ्तार किया है। अभिषेक बिश्नोई एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पास हुआ था, लेकिन उसने जॉइन नहीं किया था। इस मामले में पहले 15 ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी हो चुकी है। एसओजी ने एसआई भर्ती परीक्षा-2021 में पास हुए सभी ट्रेनी एसआई की डमी परीक्षा ली थी। ट्रेनी एसआई को वही पेपर हल करने के लिए दिया था, जो साल 2021 की परीक्षा में आया था। इस दौरान 17 ट्रेनी एसआई 20 प्रतिशत भी पेपर हल नहीं कर पाए। वहीं, 400 ट्रेनी एसआई 50 प्रतिशत प्रश्नों का उत्तर नहीं दे पाए थे।

**कांवटिया अस्पताल का मामला**

# भर्ती नहीं किया तो खुले में ही महिला ने दिया बच्चे को जन्म

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के कांवटिया अस्पताल में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। बुधवार रात प्रसव पीड़ा होने पर कांवटिया अस्पताल में भर्ती होने आई एक गर्भवती महिला को अस्पताल के चिकित्सकों ने भर्ती नहीं किया, ऐसे में महिला ने अस्पताल के गेट पर ही बच्चे को जन्म दे दिया।



अचानक हुए इस घटनक्रम जच्चा और बच्चा की जान पर आफत बन गई। मामले की जानकारी पर विधायक गोपाल शर्मा भी कांवटिया अस्पताल पहुंच गए और महिला को भर्ती नहीं करने वाले चिकित्सक और स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि लोगों की जान बचाने वाले भगवान रूपी डॉक्टर को लापरवाही से एक माहिला और इसके बच्चे की जान पर बन आई। वहीं, इस मामले में एसीएस शुभ्रा सिंह ने भी चिकित्सा विभाग की टीम को मौके पर भेजा। एसीएस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### गौर-गौर गणपति, ईशर पूजे पार्वती.....



*__जयपुर।__ गणगौर महापर्व चैत्र माह की पूर्णिमा से शुरू होता है, जो 16 दिन तक चलता है। महिलाएं सुहाग की रक्षा और कुंवारी लड़कियां मनपसंद पति पाने के लिए सोलह दिन तक दिन तक गणगौर माता की पूजा करती है। साथ ही ईशर-गणगौर (शिव पार्वती) का मिट्टी से बना विग्रह रखकर मांगलिक गीत गाते हुए जोड़ा बनाकर नित्य पूजा करती है। भगवान सूर्य को साक्षी मानकर अर्घ्य देती है, उसके बाद ही भोजन करती हैं। 16 दिन बाद ईशर-गणगौर विग्रह जलाशय में विसर्जन करने के बाद गणगौर महापर्व का समापन होता है।*

***-फोटो: राजेश कुमावत***

**जयपुरिया के OPD काउंटर पर मिली अव्यवस्था**

# मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम पहुंची निरीक्षण को... सर्वर डाउन मिला

बेधड़क | जयपुर

जयपुरिया हॉस्पिटल में व्यवस्थाओं को देखने के लिए बुधवार सुबह अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की औचक निरीक्षण करने पहुंची। टीम के दौरे के दौरान हॉस्पिटल का सर्वर डाउन हो गया, जिससे वहां ओपीडी काउंटर पर पर्चियां कटनी बंद हो गई। करीब पौने दो घंटे तक सर्वर बंद रहने से मरीज और उनके परिजनों की भीड़ बढ़ गई। दरअसल, जयपुरिया हॉस्पिटल में अव्यवस्थाएं होने के कारण पिछले लंबे समय से मरीजों के साथ स्टाफ को भी समस्या हो रही है। मरीजों को कभी लिफ्ट खराब होने से परेशानी होती है तो कभी जांच मशीनें खराब होने से। 1 दिन पहले भी एक मरीज को व्हील चेयर नहीं मिली, जिसके कारण उसे जमीन पर रेंग कर डॉक्टर के चेंबर तक जाना पड़ा।



### हाजिरी रजिस्टर मंगवाया, भीड़ देख लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य जब स्त्री रोग विभाग की ओपीडी ब्लॉक में पहुंचे तो वहां अव्यवस्था देख स्टाफ और डॉक्टरों को फटकार लगाई। उन्होंने डॉक्टर चेंबर के बाहर भीड़ देखकर स्टाफ से कहा कि यहां लाइन सिस्टम क्यों नहीं बनवाते? इसके बाद टीम ने कर्मचारियों और स्टाफ की उपस्थिति जांचने के लिए रजिस्टर भी देखे।

### सर्वर डाउन होने से मरीज परेशान

सर्वर डाउन होने के बाद कुछ देर तक ओपीडी काउंटर पर पर्ची बनना बंद हो गया। सर्वर बंद होने के बाद काउंटर पर मरीजों की लंबी लाइन लग गई। करीब एक घंटे तक सर्वर बंद रहने से मरीजों की परेशानी तो बढ़ ही गई, ओपीडी ब्लॉक में भी लोगों की जबरदस्त भीड़ हो गई।

### एसएमएस समेत दूसरे हॉस्पिटल में भी हुआ सर्वर डाउन

जयपुरिया हॉस्पिटल के अलावा एसएमएस, जनाना, महिला चिकित्सालय और जेके लोन हॉस्पिटल में भी आज सर्वर डाउन होने की समस्या रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि सभी हॉस्पिटलों में आईएचएमएस सर्वर पर काम होता है। तकनीकी खराबी होने के कारण सभी जगह सर्वर बंद रहा, जिसके कारण ओपीडी पर्ची नहीं कटी। साथ ही जांचों के लिए बिल कटवाने वालों की भी भीड़ रही।

## जरूरी खबर

### खेत में लावारिस पड़ी मिली एक दिन की नवजात



**दौसा।** मेहंदीपुर बालाजी में एक नवजात खेत में लावारिस अवस्था में मिली। बुधवार को दोपहर डेढ़ बजे मेहंदीपुर बालाजी बाईपास पर खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने पुलिस को बच्ची के मिलने की सूचना दी। बालाजी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने नवजात बच्ची को टोडाभीम अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों की देखरेख में नवजात का इलाज जारी है। डॉ. अमर सिंह मीना ने बताया कि बच्ची की डिलीवरी 24 से 48 घंटे के बीच में हुई है। यह प्री-मेच्योर डिलीवरी है।

### आठ लाख कीमत की अफीम बरामद, आरोपी धरा

**प्रतापगढ़।** जिले की हथुनिया थाना पुलिस ने नाथूखेड़ी फंटे पर नाकाबंदी में बाइक सवार तस्कर महेन्द्र सिंह चौधरी (35) निवासी बोरी थाना रठांजना को गिरफ्तार कर 8 लाख रुपए कीमत का 1 किलो 600 ग्राम अफीम का दूध जब्त किया है। एसपी लक्ष्मण दास ने बताया कि नाथूखेड़ी फंटे पर पुलिस टीम नाकाबंदी कर वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान हवाई पट्टी की तरफ से आ रहा एक बाइक सवार पुलिस जाब्ते को देख वापस यू टर्न कर भागने लगा। संदेह होने पर पीछा कर टीम ने बाइक को रुकवा लिया। तलाशी में बाइक के साइड में लगे बैग में पॉलिथीन में से पुलिस ने 1 किलो 600 ग्राम अफीम बरामद की। इस पर बाइक जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### ग्रामीणों पर पैंथर का हमला, पकड़ने के प्रयास विफल



**धौलपुर।** मनिया थाना क्षेत्र के गांव मांगरोल में घुसे पैंथर ने दो ग्रामीणों पर हमला कर दिया। वन विभाग की टीम द्वारा रेस्क्यू करने के प्रयास विफल होने पर अब सवाई माधोपुर से ट्रेंकुलाइज टीम बुलाई गई है। ग्रामीण मनोज कुमार सोनी ने बताया कि मंगलवार शाम गांव के एक किसान के पशुबाड़े में पैंथर छिपकर बैठ गया था। परिवार की महिला पशुओं के लिए चारा लेने के लिए जब बाड़े में गई तो पैंथर ने उस पर हमला करने का प्रयास किया। इसके बाद वह आबादी में पहुंच गया और दो ग्रामीणों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बाद में एक खंडहरनुमा मकान में छिपकर बैठ गया।

---

**बीमारी की जटिलताओं का पता कर इलाज में होगी आसानी,** उपचार के निष्कर्ष तक पहुंचने में मिलेगी मदद

# मिर्गी के रोगियों के मस्तिष्क की वीडियो ईईजी की सुविधा शुरू

**बेधड़क** | जोधपुर

मिर्गी रोग से जुझने वाले रोगियों का इलाज में अब चिकित्सकों को आसानी होगी। मरीज के मस्तिक्ष में मिर्गी रोग की जटिलताओं का पता लगाकर उपचार को आगे बढ़ाया जा सकेगी।

इसके लिए मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने में लगातार अग्रणी जोधपुर एम्स में अब मिर्गी के मरीजों के दिमाग की वीडियो ईईजी हो सकेगी। इससे दौरे के दौरान और बाद के मस्तिष्क में होने वाले परिवर्तन की डॉक्टर्स मॉनिटरिंग कर सकेंगे। साथ ही इससे उपचार के निष्कर्ष तक



पहुंचने में भी मदद मिलेगी। जोधपुर एम्स में न्यूरोलॉजी विभाग के तहत बने मिर्गी मॉनिटरिंग इकाई का मंगलवार को उद्घाटन हुआ। इसका उद्घाटन न्यूरोलॉजी विभाग के कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. गोवर्धन दत्त पुरी ने किया। न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सम्हिता पांडा ने बताया कि यह इकाई अब अत्याधुनिक 256 चैनल वीडियो ईईजी प्रणाली से सुसज्जित है, जिसका उपयोग इंट्राक्रैनियल और स्टीरियो ईईजी इलेक्ट्रोड लगाने के लिए किया जाएगा। इससे मिर्गी दौरे की शुरूआत की जगह को सही ढंग से चित्रित करने के लिए इंट्राक्रेनियल वीडियो ईईजी मॉनिटरिंग की जाएगी।

इस ईईजी से प्राप्त होने वाले असंगतडेटा, मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में घाव जैसे रोगियों के लिए काफी उपयोगी होगा। वीडियो ईईजी एम्स जोधपुर में व्यापक मिर्गी देखभाल कार्यक्रम के लिए एक वरदान होगा, क्योंकि यह मिर्गी के इलाज के दौरान होने वाली कठिनाइयों के प्रबंधन में एक नया आयाम जोड़ेगा।

### गंभीर मरीजों को सर्जरी से मिली राहत

जानकारी के अनुसार नवंबर 2019 को एम्स जोधपुर में मेसियल टेम्पोरल स्केलेरोसिस के कारण ड्रग रिफ्रैक्टरी मिर्गी के पहले मरीज का ऑपरेशन किया गया था। बीते समय में यहां पर गंभीर मरीजों को इस सर्जरी से राहत दी गई। हाल ही में एम्स जोधपुर में 50वें मिर्गी रोगी का ड्रग रिफ्रैक्टरी मिर्गी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने की उपलब्धि हासिल की है। ऐसे में मिर्गी रोग से मरीज को निजात दिलाने में अब वीडियो ईईजी की सुविधा और भी कारगर साबित हो सकेगी।

### झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ते हैं लोग

मारवाड़ में मिर्गी के मरीजों की संख्या काफी अधिक है, लेकिन अज्ञानता और जानकारी के भाव में ग्रामीण क्षेत्र के मरीज मिर्गी आने पर भी उपचार से जुड़ने के बजाय तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं। इसके चलते वे बीमारी को बढ़ा लेते हैं। चिकित्सकों का कहना है कि अगर शुरुआती दौर में ही मरीज उपचार लेना शुरू कर दे तो वह मिर्गी रोग से पूरी तरह से छुटकारा पा सकता है।

---

**बेस्ट बूथ को निर्वाचन आयोग की** ओर से मिलेगा पुरस्कार

# लोकतंत्र का उत्सव: अलग-अलग थीम पर सजेंगे मतदान केंद्र

**बेधड़क** | झुंझुनूं

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन आयोग की ओर से खास तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इससे लोकतंत्र के उत्सव का अलग ही उल्लास नजर आएगा। जिले के 12 मतदान केन्द्रों को विशेष थीम पर सजाया जाएगा। इस दौरान जो बूथ सबसे बेस्ट होगा, उसे सम्मानित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी चिन्मयी गोपाल ने बताया कि इन 12 मतदान केंद्रों में से 3 मतदान केंद्रों को आर्मी के तर्ज पर, 3 मतदान केंद्रों को शेखावाटी कल्चर, 3 मतदान केंद्रों को ग्रीन थीम पर और 3 मतदान केन्द्रों को स्थानीय तर्ज पर सजाया जाएगा। जो बूथ अपनी थीम में सबसे बेस्ट होगा, उसको सम्मानित किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में 56 मतदान केंद्र पूर्णतया महिलाओं द्वारा, 7 मतदान केन्द्र दिव्यांगजनों द्वारा और 56 मतदान केंद्र युवा कार्मिकों के द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिस मतदान केंद्र पर पिछले चुनाव से सर्वाधिक वोटर टर्नआउट होगा, वहां के संबंधित बीएलओ को पुरस्कृत किया जाएगा।




### मतदान केंद्रों की बनेगी विशेष कार्य योजना

जिला कलेक्टर ने 60 प्रतिशत से कम वोटर टर्नआउट वाले मतदान केंद्रों पर विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित एआरओ को निर्देश दिए कि कम मतदान वाले बूथ पर मतदाताओं को घर-घर जाकर जागरूक किया जाए और कुमकुम पत्रिका वितरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत वोटवीर की बारात, मतदाता जागरूकता से संबंधित वोट वीर के कट आउट, होर्डिंग व बैनर लगाने, सेल्फी पॉइंट लगाने, भूतपूर्व सैनिकों की रैली, मैराथन व वॉकाथॉन के आयोजन कराने के निर्देश दिए ।

### दिव्यांगों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान दिव्यांगों की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने हर व्यक्ति से मतदान करने की अपील की। रैली की शुरुआत जे.पी. जानू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से हुई। जहां एडीएम रामरतन सौंकरिया ने हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया। उसके बाद रैली एक नंबर रोड़ से होते हुए कलेक्ट्रेट पर सम्पन्न हुई। रैली में दिव्यांग ट्राइ साइकिल, बैसाखी, थ्री-व्हीलर बाइक के सहारे



शामिल हुए। बैनर ओर तख्तियां के माध्यम से मतदान के दिन घरों से निकलकर शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। नारे भी लगाए गए। एडीएम रामरतन सौकरिया ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत ज्यादा से ज्यादा बढ़े इसको लेकर प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। आज दिव्यांगों की ओर से रैली निकालकर आम आदमी को मैसेज दिया गया है। इसका मकसद यह है कि हर आदमी अपना दायित्व समझे। ज्यादा से ज्यादा मतदान करे। झुंझुनूं के लोग मतदान को लेकर काफी उत्साहित है। इस बार रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा।

### मतदाता सूची तैयार करने का काम शुरू

**बयाना।** बयाना निर्वाचन शाखा कार्यालय में बुधवार को मतदाता सूचियों को तैयार करने का काम चला। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम राजीव शर्मा ने बताया कि मतदाता सूची प्रकोष्ठ के प्रभारी तहसीलदार विनोद कुमार मीणा, सह प्रभारी नायब तहसीलदार बालस्वरूप धाकड़ और नायब तहसीलदार रणवीर सिंह की देखरेख में मतदाता सूची तैयार करने का काम चल रहा है। निर्वाचन शाखा प्रभारी भारत खटाना ने बताया कि बुधवार को मतदाता सूची के तहत मार्क कॉपी, वर्किंग कॉपी और स्टैटिक कॉपियां तैयार की गई। मतदाता सूची जांचने के काम में 5 महिला कार्मिकों को भी तैनात किया गया है। टीमों की ओर से तीनों कॉपियां मार्क कॉपी, वर्किंग कॉपी और स्टैटिक कॉपी पर सील मोहर लगाने का काम किया गया। एसडीएम ने कार्मिकों से मतदाता सूचियां को तैयार करने का काम सावधानी पूर्वक त्रुटि रहित निर्धारित समय मे पूरा करने को कहा है।

---

**आमजन को भी कर रहे जागरूक**

# तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ ने चलाया सर्च अभियान



**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

भारतीय सीमा में पाकिस्तानी तस्करों की ओर से मादक पदार्थों को गिराने और यहां से तस्करी किए जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं का ग्राफ पिछले कुछ दिनों से और अधिक बढ़ा है। ऐसे में अब हेरोइन तस्करी की रोकथाम के लिए पुलिस और बीएसएफ अलर्ट मोड पर है। साथ ही इसके लिए सीमा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाने के अलावा लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

एसपी गौरव यादव ने बताया कि श्रीकरनपुर थाना क्षेत्र स्थित भारत-पाक सीमा पर पुलिस और बीएसएफ ने सयुंक्त रूप से सर्च अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से इलाके की जांच की गई। इस दौरान दो दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ भी की गई। श्रीकरणपुर सर्कल के सीओ संजीव चौहान ने बताया कि गांव मांझीवाला और उसके आस-पास भारत पाकिस्तान सीमा क्षेत्र में पुलिस और बीएसएफ की ओर से कई स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की भी जांच की गई।

हालांकि, इस दौरान कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। ग्रामीणों से संदिग्ध लोगों के आने और यहां ठहरने की जानकारी देने की अपील की गई है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी तस्कर ड्रोन के जरिए भारतीय सीमा में हेरोइन की तस्करी करने की कोशिश करते रहे हैं। वहीं, स्थानीय तस्कर इस हेरोइन की डिलीवरी लेने यहां पहुंचते हैं। हालांकि इस प्रयास में अधिकांश तस्कर पकड़े जाते हैं। इसके बावजूद ये सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। श्रीकरणपुर सर्कल के सीओ संजीव चौहान ने कहा कि तस्करी को रोकने में ग्रामीणों का सहयोग बहुत जरूरी है।

---

**अन्तरराज्यीय गिरोह के** तीन शातिर गिरफ्तार

# चालक से मारपीट कर टैक्सी लूटी

**बेधड़क** | करौली

जिले की कैला देवी थाना पुलिस ने वाहन लूट गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ट्रेवल कंपनियों से वाहन किराए पर लेकर चालक से मारपीट कर वाहन तथा अन्य सामान लूटकर फरार हो जाते थे।

पुलिस ने इस वाहन लूट गैंग के सरगना सागर गुर्जर सहित तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से ट्रेवल्स कंपनी की टैक्सी कार एवं लूट का अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी बृजेश उपाध्याय ने बताया कि रामपुरा की घाटी थाना कैला



देवी क्षेत्र में ट्रेवल्स कंपनी की टैक्सी कार के चालक के साथ मारपीट करके वाहन लूटकर भागे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

साइबर सेल, करौली के कांस्टेबल पुष्पेन्द्र कुमार की सूचना पर पुलिस ने यह खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि पहले इस गैंग के मुख्य सरगना सागर और विश्वेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पूछताछ में लूट का वाहन खरीदने के आरोपी सुरेन्द्र को गिरफ्तार कर लूटी गई कार बरामद की गई। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है।

---

**पुलिस मामले की जांच में जुटी,** एफएसएल टीम ने लिए नमूने

# घर में घुसकर महिला की गला दबाकर हत्या

**बेधड़क** | जोधपुर

शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र के सेक्टर 11 में बुधवार को एक 45 साल की महिला की हत्या का मामला सामने आया है। घर में घुसकर गला दबाकर महिला की हत्या की गई है।

घटना की जानकारी मिलते ही डीसीपी पश्चिम राजेश यादव मौके पर पहुंचे और पुलिस की टीम को मामले की पड़ताल के निर्देश दिए। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर घर में घुसने वाले व्यक्ति का पता लगाने की कोशिश कर रही है। महिला की हत्या की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर



एकत्र हो गए। डीसीपी राजेश यादव ने बताया कि चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 11 में रहने वाली 45 वर्षीय शोभा लालवानी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या की जानकारी करीब दो बजे पुलिस को मिली थी। प्राथमिक जांच में सामने आया कि महिला की हत्या गला दबाकर की गई है। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाया है। परिजनों और पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि हत्या बुधवार सुबह हुई है।

डीसीपी ने बताया कि शोभा लालवानी सेक्टर 11 में अकेले ही किराए के मकान में तीन-चार साल से रह रही थी। यहां पर वह रेडिमेड कपड़ों का काम भी करती थी। इसी सेक्टर में उसका भाई पप्पू भी रहता है।

बुधवार को पप्पू ने शोभा को कई बार कॉल किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह दोपहर में करीब डेढ़ बजे उसके घर गया, तो बेड पर शोभा का शव पड़ा था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी।

---

**हाई कोर्ट की फटकार के बाद चेता जलदाय विभाग**

# तीन सौ परिवारों को टैंकरों से सप्लाई, एक मई तक प्रोजेक्ट पेश करें

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में पेयजल किल्लत से परेशान निजी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को हाईकोई से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट की सख्ती के बाद जलदाय विभाग इन कॉलोनियों में अस्थाई व्यवस्था के तौर पर फिलहाल टैंकरों से पानी की सप्लाई करेगा।

गौरतलब है कि पिछली सुनवाई में जिम्मेदारों को कोर्ट ने सजा के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी थी। इसके बाद बुधवार को लंच से पहले हुई सुनवाई में भी जलदाय विभाग के अधिकारी समस्या का स्थाई समाधान पेश नहीं कर पाए। इस पर कोर्ट ने कहा अधिकारियों से कहा कि अपने नाम लिखवा दो अब न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कोर्ट




की इस सख्ती और फटकार के बाद लंच के बाद जलदाय विभाग की ओर से अस्थाई समाधान के तौर पर टैंकर से पानी भिजवाने की बात कही गई और फिर 4 इंच की पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट लेकर आने के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर से पानी की व्यवस्था करने व नई पाइप लाइन के प्रोजेक्ट के साथ 1 मई को पेश होने के आदेश दिए।

कोर्ट ने स्वायत्त शासन विभाग के मुख्य सचिव, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सचिव, एसई के साथ अंसल प्रॉपर्टी के जनरल मैनेजर को फटकार लगाई और सख्ती दिखाई। हाईकोर्ट जस्टिस पीएस भाटी व जस्टिस मुन्नीरु लक्ष्मण की बेंच में शहर की प्राइवेट कॉलोनी अंसल सुशांत सिटी के ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुशांत सिटी सोसाइटी की ओर से पानी की व्यवस्था को लेकर दायर याचिका की सुनवाई में 20 वर्ष से जेडीए अप्रूव कॉलोनी में पानी की व्यवस्था नहीं होने पर कोर्ट ने सख्त रवैया अपनाया।

### अधिकारियों के रवैये पर दिखाई सख्ती

हाईकोर्ट में सुबह 12.30 से से 1 बजे तक सुनवाई चली। इसमें एडवोकेट जनरल वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से मौजूद रहे। कोर्ट में यूडीएच के मुख्य सचिव, पीएचईडी के सचिव सहित अन्य अधिकारी अनकंडीशनल अपोलॉजी के साथ पेश हुए। पीएचईडी की ओर से पहले मना किया गया कि हमारे पास पानी नहीं है। पानी की व्यवस्था लिफ्ट कैनाल के थर्ड फेज पूरा होने पर ही दे सकेंगे। इस पर कोर्ट ने सख्ती दिखाई।

### प्रोजेक्ट पेश करने का दिया समय

कोर्ट ने अवमानना कि कार्रवाई के लिए सख्त नजर आया, तब लंच के बाद दोपहर दो बजे से सवा तीन बजे तक सुनवाई चली। उस समय पीएचईडी की ओर से कॉलोनी में टैंकर से पानी सप्लाई का टेंपरेरी सॉल्यूशन पेश किया गया और वाटर सप्लाई के लिए प्रोजेक्ट बना कर लाने के लिए समय मांगा गया । इस पर कोर्ट ने 1 मई तक का समय दिया। ऑल रेजिडेंट्स अंसल सुसांत सिटी सोसाइटी की ओर से एडवोकेट दीनदयाल चितलांगी ने बताया कि हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए तुरंत टैंकर से पानी सप्लाई के आदेश दिए है।

### पानी के लिए 20 साल से कर रहे संघर्ष

शहर से 15 किलोमीटर दूर भखरासनी में निजी कॉलोनी में बसे 300 परिवार पिछले 20 साल से पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डेवलपर ने कॉलोनी के बसने के पांच साल बाद 2008 में जेडीए के साथ एमओयू कर 3 करोड़ की राशि जमा करवा दी थी। 13 साल बाद भी जब पानी की सप्लाई के लिए पाइपलाइन नहीं बिछी तब सोसाइटी के सेक्रेटरी तेजप्रकाश ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर न्याय मांगा। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट की ओर से सजा की चेतावनी के बाद बुधवार को सुनवाई में यूडीएच प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत, पीएचईडी सचिव समित शर्मा कोर्ट में उपस्थित हुए।

बोर्ड की परीक्षा के बाद लाखों विद्यार्थी के सामने एक ही प्रश्न, किस कॉलेज में दाखिला लें!

# कॉलेज में एडमिशन से पहले स्टूडेंट्स मान्यता की करें जांच

**बेधड़क** | नई दिल्ली

देशभर में बोर्ड परीक्षाओं के संपन्न होने के बाद स्टूडेंट्स के सामने किस कॉलेज में दाखिला लिया जाए ये सबसे बड़ा प्रश्न रहता है। राजस्थान बोर्ड की परीक्षा के बाद लाखों विद्यार्थी इसी जद्दोजहद में दिखाई देंगे।

परिणाम जारी होने के बाद छात्रों एवं उनके अविभावकों को सबसे बड़ी चिंता रहती है उनके बच्चे को किसी ऐसे कॉलेज में प्रवेश मिल सके जिससे उसके बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके और वह अपनी लाइफ में कुछ अच्छा हासिल कर सके। अगर आप भी किसी कॉलेज में प्रवेश लेने जा रहे हैं तो कुछ बातों को अवश्य चेक कर लें, इससे आपको उस कॉलेज के बारे में जानकारी होगी।

उसके बाद वह कॉलेज आपकी उम्मीदों पर खरा उतरता है तो आप उसमें प्रवेश ले सकते हैं। एडमिशन लेने से पहले छात्र और अविभावक कॉलेज की



मान्यता आदि की जांच अवश्य कर लें। समय-समय पर यूजीसी की ओर से निर्धारित पात्रताएं पूरी न करने पर यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज की मान्यता रद्द होती रहती है। ऐसे में सबसे आवश्यक है आप अपनी पढ़ाई ऐसे कॉलेज से पूरी करें जिसकी मान्यता हर जगह हो।

### प्लेसमेंट का रखें ध्यान

आजकल बहुत से ऐसे कॉलेज होते हैं जो पढ़ाई पूरी करने के साथ ही प्लेसमेंट भी देते हैं। अगर आपको किसी ऐसे कॉलेज में एडमिशन मिल जाता है तो पढ़ाई खत्म करने के साथ ही आपको जॉब ऑफर भी मिल सकता है।

### लोकेशन करें चेक

कॉलेज में एडमिशन लेने से पहले लोकेशन अवश्य चेक कर लें जिससे कि आपको आने-जाने में सहूलियत हो। अगर प्रतिदिन कॉलेज जाने में आपका पूरा दिन खराब हो तो इसमें समय की बर्बादी होगी जिससे आप पढ़ाई को अच्छे से नहीं कर सकेंगे।

### कोर्स फीस का रखें ध्यान

कॉलेज के चुनाव के बाद आप जिस कोर्स में दाखिला ले रहे हैं वहां ट्यूशन फीस या कोर्स की पूरी फीस क्या है इसकी जांच कर लें। साथ ही अन्य संस्थानों में इसी कोर्स के लिए क्या फीस लिया जा रहा है यह सब चेक करने के बाद ही दाखिला लें।

### कैंपस जाकर डिटेल प्राप्त करें

इसके अलावा आप अधिक जानकारी के लिए कॉलेज/कैंपस में भी जा सकते हैं। वहां जाकर आप फीस, कोर्स के साथ ही अन्य जानकारी भी हासिल कर सकेंगे। अगर आप अच्छे जगह से पढ़ाई करेंगे तो अवश्य ही या आपके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायक होगा।

### इन बातों का रखें ध्यान

किसी संस्थान का चयन करने से पहले, अपने करियर को निर्धारित करना जरूरी है। संस्थान द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रोग्रान, कोर्स और अवसरों के बारे में जान लें। आप जिस कोर्स को करने जा रहे हैं उस फील्ड में करियर है या नहीं, मार्केट में उस फील्ड में डिमांड है या नहीं और आप इसे करने के लिए तैयार हैं या नहीं इन सभी बातों का ध्यान रखें। नीचे बताए बातों को ध्यान में रखकर ही कॉलेज के चुनाव करें।

### कैंपस विजिट करें या डेमो क्लास लें-

आप जहां दाखिला ले रहे हैं उस संस्थान का माहौल कैसा है यह जानने के लिए चुने गए संस्थानों के कैंपस का दौरा करें। अगल हो सके तो डेमो क्लास भी ले लें। इससे आपको सही कॉलेज में दाखिला लेने में आसानी होगी।

### कॉलेज या यूनिवर्सिटी का इतिहास-

कोर्स का चुनाव करने के बाद आप जिस कॉलेज में दाखिला लेने जा रहे हैं उसमें वह कोर्स कब से चलाया जा रहा है यह जान लें। इसके अलावा इस्टीट्यूट की ओर से कैंपस प्लेसमेंट की सुविधाओं पर भी ध्यान देना चाहिए।

### फैकल्टी के अनुभव को जरूर देखें

इंस्टीट्यूट में आप जिस कोर्स की पढ़ाई के लिए दाखिला ले रहे हैं वो कोर्स कौन पढ़ा रहा है इसकी जांच कर लें। टीचर या फैकल्टी के क्वालिफिकेशन और अनुभव को ध्यान में रखें। कुशल फैकल्टी आपके सीखने के अनुभव को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती है।

## Yuva स्टोरीज

## न्यू सेशन के आगाज के साथ शुरू हुई स्टूडेंट्स की लर्निंग



**बेधड़क** | जयपुर

ग्रैंड सीकर रोड, राजावास स्थित, एनके पब्लिक स्कूल में नव प्रविष्ट विद्यार्थियों का शाला में शानदार स्वागत किया गया। क्लास नर्सरी से 5 तक के स्टूडेंट्स के साथ ही क्लास 6 से 12 के न्यू एडमिशन स्टूडेंट्स का तिलक किया गया साथ ही मिठाई स्वरूप नन्हे मुन्ने बच्चों को सॉफ्ट ड्रिंक, चॉकलेट, चिप्स, ग्रीटिंग मैसेज आदि वितरित किए गए। स्कूल के प्रबंध निदेशक, डॉ. एन सी लूनायच नें सभी स्टूडेंट्स को नए सत्र 2024-25 में अगली कक्षा में प्रवेश होने पर बधाई एवं आशीर्वाद दिया साथ ही बताया कि हर अगली कक्षा पिछली क्लास बाद स्टूडेंट्स में बौद्धिक एवं लाक्षणिक उन्नति सुनिश्चित करती है। स्कूल के निदेशक, कुलदीप सिंह नें सभी नन्हें मुन्ने बच्चों को अपने आशीर्वचन में नव सत्र में अच्छी मेहनत कर माता-पिता के सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी तथा उपस्थित अध्यापक टीचर्स से आग्रह किया कि वह जिम्मेदारी की भावना के साथ बच्चों को लेकर आगे बढ़ें। स्कूल प्रिंसिपल कविया प्रेमा ने बताया की उपस्थित सभी स्टूडेंट्स में एक विशिष्ट प्रकार का उल्लास परिलक्षित हो रहा था। सभी बच्चे स्कूल में मुस्कुराहट के साथ आए। स्टूडेंट्स और टीचर्स के बीच की कड़ी में माता-पिता के सपनों को साकार करने के लिए एन। के पब्लिक स्कूल सदैव अग्रसर है। कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल गौरव माथुर, समन्वयक राम अवतार खूंटेटा, नीलम पांडे, स्टाफ सेक्रेटरी पूनम शर्मा सहित सभी टीचर्स उपस्थित रहे। नन्हें मुन्ने बच्चों का, जूबी डूबी तथा स्कूल चले हम, गानों पर नृत्य, संपूर्ण कार्यक्रम का विशिष्ट आकर्षण रहा।



## बच्चों का पहले दिन तिलक लगाकर किया स्वागत

**बेधड़क** | जयपुर

टैगोर पब्लिक स्कूल, वैशाली नगर में एक नए जोश, नई उमंगों के साथ नवीन सत्र 2024 25 का शुभारंभ किया गया। कक्षा में मित्रों से मिलना विद्यार्थियों के लिए एक आनंददायक अनुभव रहा। नवीन सत्र में विद्यालय को विद्यार्थियों के स्वागत के लिए सजाया गया। तिलक लगाकर सभी नए और पुराने विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। उन्हें यह एहसास दिलाया गया कि वह अपने दूसरे घर में ही हैं। छात्र-छात्राओं के मनोरंजन के लिए कार्टून कैरेक्टर मिकी माउस का प्रबंध किया गया, जिसने अपने प्रयासों से सभी को भरपूर आनंद प्रदान किया। कक्षा-कक्ष में छोटे बच्चों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नवीन सत्र का प्रथम दिवस सभी विद्यार्थियों के लिए एक यादगार दिवस था। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या भव्या राठौड़ ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। राठौड़ ने इसके साथ ही बच्चों को नवीन उत्साह के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा की दी।

राष्ट्रीय-आयुर्वेद संस्थान व आर्यभट्ट नॉलेज विवि में एमओयू

# नैनो साइंस व नैनो पार्टिकल्स के क्षेत्र में होंगे विभिन्न शोध

### ■ आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान को आएंगे एक मंच पर

**बेधड़क** | जयपुर

मन जयपुर। जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का आयुर्वेदिक औषधि की क्वालिटी व सेफ्टी के लिए आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय पटना, बिहार के साथ एमओयू हुआ। इस एमओयू के माध्यम से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा विभिन्न रोगों के निदान में उपयोग में आने वाली आयुर्वेदिक औषधि के उपयोग के लिए उसके सुरक्षित, प्रभावी ओर गुणवत्ता के लिए किए जा रहे शोध कार्यों को वैज्ञानिक आधार पर प्रभावी रूप से किया जा सकेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा कि इस एमओयू को वैज्ञानिक शोध करने के लिए दोनों संस्थाओं ने किया है, आयुर्वेदिक भारतीय ज्ञान परंपरा है और यहां एक सोर्स ऑफ़ विजडम है, जबकि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय आधुनिक विज्ञान से ओतप्रोत है, इनके साथ हम विशेष कर नैनो साइंस और नैनो पार्टिकल्स के क्षेत्र में शोध कार्य करेंगे, साथ ही इनके जो दूसरे क्षेत्र हैं उनके साथ भी हम कार्य करने के इच्छुक हैं। इस एमओयू के द्वारा आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान को एक मंच पर लाएगा। यह एमओयू आयुर्वेद के लिए एक वैज्ञानिक प्रमाण है उनको जनरेट करने के लिए एक बहुत बड़ा मिल का पत्थर साबित होगा।



### शोध कार्यों को मिलेगा बढ़ावा

एमओयू राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रस शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय, पटना के विज्ञान विभाग द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से एडवांस ओर नई तकनीक की मशीनों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के रस शास्त्र विभाग द्वारा औषधियों के सुरक्षित, प्रभावी और गुणवत्ता के लिए किए जा रहे शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में इस शोध का लाभ आमजन की चिकित्सा के साथ आयुर्वेद शिक्षक, चिकित्सक, शोधार्थी ओर विद्यार्थियों को मिलेगा। एमओयू राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रति कुलपति प्रो. रामकिशोर जोशी, कुल सचिव प्रो. ए। राममूर्ति, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) जयप्रकाश शर्मा, रसशास्त्र विभागाध्यक्ष अनुपम श्रीवास्तव, आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय पटना से कुलसचिव डॉ. शंकर कुमार, डॉ.राकेश कुमार सिंह डॉ. मनीशा प्रकाश और समस्त विभागाध्यक्ष, डीन उपस्थित रहे।

### विभिन्न नई पद्धतियां होंगी विकसित

आर्यभट्ट नॉलेज विश्वविद्यालय पटना के कुलपति डॉ. शरद यादव ने इस अवसर पर कहा कि इस एमओयू के साथ हमारे साइंटिस्ट और टेक्नोलॉजी के साथ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के साथ मिलकर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के क्षेत्र में रिसर्च के साथ विभिन्न नई पद्धतियों और प्रणालियों को विकसित किया जाएगा। उसको ध्यान में रखते हुए इस एमओयू को साइन किया गया है, समय की मांग के अनुसार जो नई संभावनाएं है उन पर काम किया जाएगा और उनसे नई खोजों और नई जानकारी विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।




## विधि महाविद्याल में दहेज मृत्यु से संबंधित 7 मॉक ट्रायल

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रैंडराजस्थान विश्वविद्यालय के विधि महाविद्याल में बुधवार को 7 मॉक ट्रायल का उद्घाटन हुआ। यह मॉक ट्रायल दहेज मृत्यु से संबंधित वाद पर आधारित है। इस मॉक ट्रायल प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न भूमिकाएं निभाकर न्यायालय की प्रक्रिया एवं प्रावधानों को समझाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि न्यायाधीश अशोक कुमार जैन, राजस्थान उच्च न्यायालय थे। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो. अल्पना कटेजा, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, विधि विभाग, डॉ. संजुला थानवी एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक मौजूद थे। प्राचार्या, डॉ. अंकिता यादव ने अपने उद्बोधन से समारोह में सबका स्वागत किया। प्रो. अल्पना कटेजा, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय ने विधि के विद्यार्थियों को व्यावहारिक गतिविधियों में प्रतिभागिता करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि न्यायाधिपति अशोक कुमार जैन ने विधि विद्यार्थियों को विधि के प्रावधानों एवं शोध कार्यों को करने पर बल दिया। अन्त में आयोजन सचिव, डॉ. राजीव सोनी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा स्टूडेंट्स से रू-ब-रू हुए

**जयपुर**। राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एनसीसी राजस्थान एवं कमांडिंग आफिसर कर्नल बी.एम. एस. परमार द्वारा वनस्थली विद्यापीठ की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा का राजस्थानी परंपराओं के अनुसार तिलक लगाकर एवं सूत की माला पहनकर जोश एवं उत्साह से स्वागत किया गया। विद्यापीठ की एनसीसी की कैडेट्स एवं एनसीसी बैंड द्वारा एयर कमोडोर सत्येन्द्र शर्मा को जनरल सैल्यूट दिया गया ।

इस अवसर पर विद्यापीठ की कुलपति प्रो ईना आदित्य शास्त्री, निदेशक डॉ अंशुमान शास्त्री एवं विद्यापीठ के एनसीसी से जुड़े हुए अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे विद्यापीठ की गतिविधियों का अवलोकन किया गया। जिनमें सर्वप्रथम विद्यापीठ की जन्मस्थली श्री शांति-बाई शिक्षा कुटीर का अवलोकन कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व को जाना इसके उपरांत कला मंदिर में छात्राओं द्वारा बनाई गई ।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर 11 अप्रैल को अवकाश

**जयपुर**। प्रदेश में शिक्षा विभाग के अधीन समस्त स्कूलों और कार्यालय में 11 अप्रैल को राजकीय अवकाश रहेगा। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को लेकर शिक्षा विभाग ने अवकाश घोषित किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। दरअसल पांचवीं बोर्ड परीक्षाएं अप्रैल के अंत में शुरू होंगी और उससे पहले शिक्षा विभाग में शिविरा पंचांग में संशोधन करते हुए 11 अप्रैल को राजकीय अवकाश घोषित किया है। उधर शिक्षा विभाग की घोषणा के बाद शिक्षक संगठनों ने भी इसका स्वागत किया है।

डिस्कशन | जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में वर्कशॉप का आयोजन

# एक्सपर्ट्स ने बताई फोरेंसिक साइंस की बारीकियां

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी की ओर से राष्ट्रीय स्तरीय की गेट सेट इन्वेस्टिगेट 2.0 वर्कशॉप आयोजित हुई। यह कार्यक्रम फोरेंसिक साइंस विभाग की ओर से आयोजित किया गया था, जिसकी प्रमुख हेड, वैष्णवी ठाकरे ने इसे ऑर्गेनाइज किया। इस दो दिवसीय आयोजन ने शिक्षा और नवाचार में उत्कृष्टता के लिए व्यापक प्रशंसा प्राप्त की। इस वर्कशॉप को फोरेंसिक अन्वेषण और सहयोग के लिए मुख्य प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया गया। इस आयोजन ने देश भर से विभिन्न छात्रों, पेशेवरों और विशेषज्ञों को एकत्र कर फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र को गहराई से जाने का मौका दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.




रवि प्रकाश मेहरदा (आईपीएस), डीजीपी, राजस्थान साइबर सुरक्षा सीआरबी और तकनीकी सेवाएं मौजूद रहे। गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में डॉ.अजय शर्मा, डायरेक्टर ऑफ स्टेट फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी, जयपुर,राजस्थान मौजूद रहे। इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को अपराध स्थल से न्यायालय तक के जटिल मार्ग को समझने के लिए प्रतिस्पर्धा रही। इसी कारण यह आयोजन एक शिक्षात्मक और कौशल विकसित करने वाला आयोजन साबित हुआ।

### प्रदर्शनी में दिखाए विभिन्न मॉडल्स

आयोजन का मुख्य आकर्षण फोरेंसिक साइंस छात्रों द्वारा सुरक्षित रूप से संचालित प्रदर्शनी, जिसे धारण और गहराई से विवेचित किया गया था। इस प्रदर्शन ने फोरेंसिक साइंस की गहराई को दिखाया, जिसमें अकादमिक पोस्टर्स और मॉडल्स उत्पादन हुआ, जैसे फेसियल रिकंस्ट्रक्शन, रेल डिरेलमेंट एनालिसिस, क्राइम सीन मैनेजमेंट, ऑडियो ऑथेंटिकेशन, साइबर सुरक्षा, और पॉलीग्राफ टेस्टिंग आदि। इसमें एक विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया।

### साइबर अपराध के बारे में स्टूडेंट्स को दी जानकारी

ऑपरेशन साइबरसेफ जो राजस्थान पुलिस के अधिकारियों को साइबर अपराधों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने का लक्ष्य रखता है, डॉ. रक्षित टंडन और डॉ. स्वप्निल बंगाली इसके हेड रहे। वैष्णवी ठाकरे ने बताया की कई वर्कशॉप्स जैसे कि फ्रॉड प्रूफ फ्यूचर और क्रिमिनल मनोविज्ञान ने एस्पायरिंग विद्यार्थियों को साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई और अपराधियों के व्यवहार को समझने के लिए अमूल्य जानकारी प्रदान की। धीमांत अग्रवाल, हेड डिजिटल स्ट्रेटजी, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने कहा की ये आयोजन विश्वविद्यालय के उत्कृष्टता और नवाचार में प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# साहित्य धधकती युद्धाग्नि से प्रज्वलित लंकाकांड भी है



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

बीसवीं सदी के पूर्वार्द्ध में अनेक महापुरुषों ने राष्ट्रीय परिदृश्य पर अपने बहुआयामी व्यक्तित्व और कालजयी कृतित्व की छाप छोड़ी। ऐसे ही महापुरुषों में दादा माखनलाल चतुर्वेदी का नाम बड़े ही सम्मान और गौरव के साथ लिया जाता है। वे सुधी चिंतक, कवि और प्रखर पत्रकार होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनापतियों में से एक थे। महात्मा गांधी से प्रेरित होकर एक बार जो उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का निश्चय किया, तो उस निश्चय पर जीवन भर अटल रहे। कोई भी लालच और प्रलोभन उनके विश्वास को खंडित नहीं कर पाया। साहित्यकार के रूप में भी माखनलाल चतुर्वेदी की ज्यादातर कविताएं देश प्रेम पर केन्द्रित हैं। 'प्रभा' और 'कर्मवीर' जैसे प्रतिष्ठत पत्रों के संपादक के तौर पर उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जोरदार प्रचार किया और नई पीढ़ी का आह्वान किया कि वह गुलामी की जंजीरों को तोड़कर बाहर निकलें। इसके लिए उन्हें कई बार ब्रिटिश साम्राज्य का कोपभाजन बनना पड़ा। माखनलाल चतुर्वेदी सच्चे देशभक्त थे। असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आदि सभी आंदालनों में उन्होंने हिस्सेदारी की और जब इसके लिए गिरफ्तारी देने का मौका आया, तो वे इससे जरा सा भी पीछे नहीं हटे।

माखनलाल चतुर्वेदी, पत्रकारिता में कैसे आए? इसका किस्सा मुख्तसर में यूं है, समाचार पत्र 'हिन्दी केसरी' ने साल 1908 में 'राष्ट्रीय आंदोलन और बहिष्कार' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में नौजवान माखनलाल चतुर्वेदी भी शामिल हुए और उनका निबंध अव्वल नंबर पर आया। अखबार के यशस्वी संपादक माधवराव सप्रे को माखनलाल चतुर्वेदी की लेखनी में अपार संभावनाओं से युक्त पत्रकार-साहित्यकार के दर्शन हुए। सप्रे ने चतुर्वेदी को इस दिशा में और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। माखनलाल चतुर्वेदी अब नियमित लिखने लगे। कविताओं के साथ-साथ उन्होंने पत्रकारिता भी शुरू कर दी। आखिर वह दिन भी आया, जब वे अपनी अध्यापक की नौकरी छोड़कर पूरी तरह से पत्रकारिता, साहित्य और राष्ट्रीय आंदोलन के लिए समर्पित हो गए। खंडवा के हिन्दीसेवी कालूराम गंगराड़े एक मासिक पत्रिका निकालना चाहते थे और इसके लिए उन्हें योग्य संपादक की तलाश थी। उनकी तलाश माखनलाल चतुर्वेदी पर जाकर खत्म हुई। अप्रैल, 1913 मे 'प्रभा' का प्रकाशन आरंभ हुआ, जिसके संपादन की जिम्मेदारी माखनलाल चतुर्वेदी ने संभाली। उनके संपादन में इस पत्रिका के कई महत्वपूर्ण अंक निकले, जिनकी चर्चा पूरे देश में हुई। 'प्रभा' के सम्पादन काल के दौरान ही माखनलाल चतुर्वेदी का परिचय एक और महान देशभक्त एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी से हुआ। जिनके देश-प्रेम और लेखन से वे बहुत प्रभावित हुए।

> **माखनलाल चतुर्वेदी जयंती विशेष**
>
> *साल 1955 में साहित्य अकादमी ने माखनलाल चतुर्वेदी को काव्य संग्रह 'हिमतरंगिणी' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। 'पुष्प की अभिलाषा' और 'अमर राष्ट्र' जैसी ओजस्वी रचनाओं के रचयिता महाकवि माखनलाल चतुर्वेदी के कृतित्व को सागर विश्वविद्यालय ने साल 1959 में डी. लिट की मानद उपाधि से विभूषित किया।*

माखनलाल चतुर्वेदी ने आगे चलकर साल 1919 में जबलपुर से समाचार पत्र 'कर्मवीर' का प्रकाशन शुरू किया। इस अखबार के लेख बड़े तेवर वाले होते थे। अखबार का स्वरूप और उसके विषय के चलते 'कर्मवीर' जल्दी ही लोगों में बेहद लोकप्रिय हो गया। अखबार की लोकप्रियता अंग्रेजी हुकूमत से देखी नहीं गई और 12 मई, 1921 को माखनलाल चतुर्वेदी को राजद्रोह के इल्जाम में गिरफ्तार कर लिया गया। वे एक साल तक जेल में रहे। साल 1922 में उन्हें कारागार से रिहाई मिली। जेल से रिहाई के बाद वे फिर पत्रकारिता में लग गए। जेल का कारावास भी उनका हौसला नहीं तोड़ पाया। इस दौरान 'प्रताप' के सम्पादक गणेश शंकर विद्यार्थी पर अंग्रेज हुकूमत की गाज गिरी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गणेश शंकर विद्यार्थी की गिरफ्तारी के बाद 'प्रताप' का सम्पादकीय कार्य-भार संभालने की जिम्मेदारी माखनलाल चतुर्वेदी को मिली। जो उन्होंने कुशलता से निभाई। परतंत्र भारत में पत्रकारिता सांस्कृतिक जागरण, राजनीतिक चेतना, साहित्यिक सरोकार और दमन का प्रतिकार इन चार पहियों के रथ पर सवार थी। यही वजह रही कि उस दौर के राष्ट्रवादी और निर्भीक पत्र-पत्रिकाओं को अंग्रेजी हुकूमत के बार-बार दमन, तथाकथित कानून, मुचलकों, जब्ती, जमानतों का सामना करना पड़ा। जाहिर है कि पत्रकारिता करते हुए माखनलाल चतुर्वेदी को भी इन सब परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके वे अंग्रेज हुकूमत के आगे कभी नहीं झुके। उनकी लेखनी सरकार के खिलाफ हमेशा आग उगलती रही। माखनलाल चतुर्वेदी के महान कृतित्व के तीन आयाम हैं, पत्रकारिता जिसमें 'प्रभा', 'कर्मवीर' और 'प्रताप' का संपादन शामिल है, तो दूसरा, साहित्यिक अवदान। जिसमें उन्होंने कविताएं, निबंध, नाटक और कहानियां लिखीं। तीसरा, उनके अभिभाषण और व्याख्यान।

माखनलाल चतुर्वेदी ने अपनी जिंदगी में चाहे पत्रकारिता की हो या फिर साहित्यिक लेखन अपने स्वाभिमान और उच्च जीवन मूल्यों से कभी समझौता नहीं किया। देश में स्वराज्य आये, यह उनके जीवन और लेखन का मुख्य ध्येय था। खुद तो इस राह पर चले ही, बल्कि दीगर साहित्यकारों को भी इसके लिए प्रेरित किया। मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन में माखनलाल चतुर्वेदी ने बाकायदा यह प्रस्ताव पारित कराया था, 'साहित्यकार स्वराज्य प्राप्त करने के ध्येय से लिखें।' वहीं साहित्य के संदर्भ में उनकी स्पष्ट अवधारणा थी, 'लोग साहित्य को जीवन से भिन्न मानते हैं, वे कहते हैं साहित्य अपने ही लिए हो। साहित्य का यह धंधा नहीं कि हमेशा मधुर ध्वनि ही निकाला करे... जीवन को हम एक रामायण मान लें। रामायण जीवन के प्रारंभ का मनोरम बालकांड ही नहीं, किंतु करुण रस में ओतप्रोत अरण्यकांड भी है और धधकती हुई युद्धाग्नि से प्रज्वलित लंकाकांड भी है।'

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार भारत

# प्रदूषण से मुक्ति मिले, तब बचे जिंदगी



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति की दिशा में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए 2025 तक दिल्ली सरकार की 4 हजार ई बसे लाने और ई मोबिलिटी बढ़ाने के लिए 2,62,066 चार्जिंग स्टेशन के अलावा और लगाने की योजना है, लेकिन यह काफी नहीं है। लोगों को भी इस बात को लेकर सचेत रहना चाहिए कि वह किस तरह की हवा में सांस ले रहे हैं और वाहनों के धुएं जैसे नुकसानदायक वायु प्रदूषकों को कम करने के क्या उपाय किए जा रहे हैं या नहीं और यदि वे प्रयास किए भी गए हैं, तो किस सीमा तक प्रभावी हैं या नहीं।*

प्रदूषण के मामले में हमारा देश कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वह बात दीगर है कि प्रदूषण के चलते लोग जानलेवा बीमारियों के चंगुल में आकर अनचाहे मौत के मुंह में जा रहे हैं और उनकी तादाद दिनोंदिन तेजी से बढ़ती जा रही हो, लेकिन हालात इसके जीते जागते सबूत हैं कि सरकार के लाख दावों के बावजूद प्रदूषण पर कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। आई क्यू एयर की हालिया रिपोर्ट इस तथ्य को प्रमाणित करती है कि हमारा देश दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में शुमार है और वह दुनिया में तीसरे पायदान पर हैं। और तो और देश की राजधानी दिल्ली दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानियों ढाका, उवागाडोगू, दुशानवे और बगदाद में शीर्ष पर है। जबकि पड़ोसी देश बांग्लादेश पहले और पाकिस्तान दूसरे पायदान पर है। भारत के बाद ताजकिस्तान और बुर्किनोफासो का नम्बर है।

दरअसल बढ़ता प्रदूषण जहां पर्यावरणीय चुनौतियों को और भयावह बना रहा है। वहीं आबादी के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढाने में अहम भूमिका निबाह रहा है, जिससे अनचाहे होने वाली मौतों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। इसके पीछे पीएम 2.5 कणों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसका आकार 2.5 माइक्रोन के करीब होता है। इसके बढ़ने से धुंध छाने, साफ न दिखाई देने, सांस के रोगों, गले में खराश होने, जलन और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है जो जानलेवा साबित होती हैं। असलियत में हवा में पीएम 2.5 की मात्रा 60 और पीएम 10 की मात्रा 100 होने पर ही हवा को सांस लेने के लिए सुरक्षित माना जाता है। होता यह है कि गैसोलीन, तेल, डीजल ईंधन, वाहनों का धुआं, कोयला, कचरा, पराली और लकडी के जलाने से हुए धुंए से पीएम 2.5 का उत्पादन अधिकाधिक मात्रा में होता है। अपने छोटे आकार के कारण पार्टीकुलेट मैटर फेफडों में आसानी से गहराई तक पहुंच जाते हैं।

यह पीएम10 से भी ज्यादा नुकसानदेह होता है। दरअसल आईक्यू एयर की हालिया रिपोर्ट दक्षिण एशियाई देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के लिए एक गंभीर चेतावनी है जिनकी जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा पर निर्भरता अधिक है। वह बात दीगर है कि हमारे देश में सौर ऊर्जा के उपयोग पर सरकार न केवल बढ़ावा दे रही है, बल्कि उस पर राहत देकर जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रही है।



सरकार 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा से 5 लाख मेगावाट विद्युत उत्पादन के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। सरकार का यह प्रयास पर्यावरण के साथ साथ ऊर्जा क्षमता की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि ऊर्जा के परंपरागत स्रोत पर्यावरण में प्रदूषण का जहर तो घोल ही रहे हैं, वे मानव स्वास्थ्य के भी दुश्मन साबित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में वृद्धि का सरकार का प्रयास प्रशंसनीय है, सराहनीय भी है, क्योंकि यदि भारत इस दिशा में आने वाले 10 सालों में अपने हरित ऊर्जा के लक्ष्यों को हासिल कर लेता है तो भारत में कुल ऊर्जा बढ़ोतरी में सौर एवं पवन ऊर्जा की हिस्सेदारी दो तिहाई तक पहुंच जाएगी और हम परंपरागत ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर होंगे। फिलहाल हकीकत यह है कि भारत लगातार वायु गुणवत्ता की खराब होती समस्या से जूझ रहा है जिसमें पीएम 2.5 की सांद्रता विश्व स्वास्थ्य संगठन के सालाना स्तर से भी 10 गुणा ज्यादा है। इसका दुष्परिणाम यह है कि हमारे देश के तकरीब 1.36 अरब लोग पीएम 2.5 की उच्च सांद्रता की चपेट में हैं। यह डब्ल्यू एचओ द्वारा अनुशंसित सालाना स्तर 5 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर से अधिक है।

यहां सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि मानव जीवन तो प्रदूषण की मार से बेहाल है ही, पेड़-पौधे भी तापमान वृद्धि के चलते सांस नहीं ले पा रहे हैं। जो पेड़ वातावरण में कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने में मदद कर रहे थे, वे अब उसमें खुद को असमर्थ पा रहे हैं। हालिया शोध इसके प्रमाण हैं कि अब पेड़ों में सांस लेने और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की क्षमता कम हो गयी है।

अब यदि वायु प्रदूषण से मानवीय स्वास्थ्य को होने वाले दुष्प्रभावों पर सिलसिलेवार गौर करें तो पाते हैं कि दावे कुछ भी किए जाएं, हकीकत में वायु प्रदूषण अब नासूर बन गया है। यह अब किसी खास मौसम की नहीं, बल्कि सालभर रहने वाली स्थायी समस्या बन चुकी है। यह तो अब लोगों की उम्र पर भी बुरा असर डाल रहा है। इससे जहां देशभर में रहने वाले लोगों की उम्र में 5.3 वर्ष की कमी आई है, वहीं राजधानी दिल्ली के लोगों की उम्र में 11.9 वर्ष की औसतन कमी आई है। शिकागो यूनिवर्सिटी का अध्ययन इसका प्रमाण है। उसके अनुसार पूरे भारत में एक भी जगह ऐसी नहीं है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों पर खरी उतरती हो। यह भी कि हृदय संबंधी बीमारियों से औसत जीवन प्रत्याशा लगभग 4.05 वर्ष कम हो जाती है। जबकि बाल और मातृ कुपोषण से जीवन प्रत्याशा 1.8 वर्ष कम हो जाती है। देश के सबसे प्रदूषित उत्तरी क्षेत्र में 52.2 करोड़ यानी 38.9 फीसदी आबादी वास करती है। यदि प्रदूषण का वर्तमान स्तर बरकरार रहता है तो इस आबादी की जीवन प्रत्याशा में डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देश के सापेक्ष औसतन आठ वर्ष व राष्ट्रीय मानक के सापेक्ष 4.5 वर्ष की कमी का खतरा है। भारत में 67.4 फीसदी आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जो भारत के खुद के बनाए मानक 40 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से भी ज्यादा प्रदूषण को झेल रही है। कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के शोध-अध्ययन से इसका खुलासा हुआ है कि बेहतर वायु गुणवत्ता से आत्महत्या की दर में कमी आ सकती है। शोध का निष्कर्ष जो नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित हुआ है, के अनुसार चीन में पिछले पांच सालों में वायु प्रदूषण घटने से वहां आत्महत्या के चलते मौत के मामलों में तेजी से कमी दर्ज की गई है। यही नहीं यदि आप वायु प्रदूषण के बीच दो घंटे भी रह लेते हैं तो आपके मस्तिष्क के कामकाज में बिगाड़ पैदा हो सकता है, क्योंकि इससे मस्तिष्क की फंक्शनल कनेक्टिविटी कम हो जाती है। एन्वायरमेंटल हेल्थ जर्नल में प्रकाशित यूनीवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया के अध्ययन में वायु प्रदूषण तथा मस्तिष्क के संज्ञानात्मक कार्यों के बीच संबंधों के मिले नये प्रमाणों से यह खुलासा हुआ है। अब तो यह साफ हो गया है कि जिस तरह से वायु प्रदूषण का मस्तिष्क पर बुरा प्रभाव पड़ता है, उसी तरह जंगल की आग से निकलने वाले धुंए का भी स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ता है।

असलियत यह है कि खुले में हो रहे निर्माण से उड़ने वाली और सड़कों की धूल से सांसों पर सबसे ज्यादा संकट है। एक तरह से यह वायु प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह है जिसके चलते लोगों की जिंदगी धुंधली हो रही है। धूल की वजह से लोग खांसी और सांस की तकलीफ से जूझने को विवश हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# 'इनको हटाओ और उनको बैठाओ' की राजनीति



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

'इनको हटाओ और उनको बैठाओ' या 'उनको हटाओ और इनको बैठाओ' की प्रक्रिया को मूर्त रूप देने की गतिविधियां सक्रिय राजनीति की सूचक होती है। इसके अतिरिक्त राजनीति में और कुछ होता भी नहीं। होने को बहुत कुछ हो सकता है, लेकिन आमतौर पर होता नहीं है। दरअसल राजनीति में सत्ता हेतु छटपटाहट जनसेवकों को निरंतर बेचैन किए रहती है। जो सत्ता में बैठते हैं, वे येन-केन-प्रकारेण सत्ता में बने रहना चाहते हैं। राजनीति में एक तरफ खाए पिए लोग होते हैं, तो दूसरी तरफ अतृप्त लोग हुआ करते हैं। जी हां ,यह सच है कि राजनीति की प्रचलित शब्दावली में इन्हें सत्तापक्ष और प्रतिपक्ष के रूप में जाना जाता है।

कभी-कभी ऐसा भी होता है कि इधर से उधर और उधर से इधर सेंध लगाकर दांव बताया जाता है। वैसे ऐसा भी होता है कि एकाएक अंतरात्मा की आवाज चैतन्य होने पर इधर से उधर तक का और उधर से इधर तक का सफर पूरा कर लिया जाता है। इस प्रक्रिया में बाकायदा पेशेवर अंदाज में भाव-ताव करते हुए अपने-अपने नफे-नुकसान का आकलन किया जाता है। इसी आधार पर किसी 'डील' को अंजाम दिया जाता है। इतना सब कुछ हो जाने पर भी अंदर की बात को केवल अंदर वाले ही जानते हैं। जब कभी अंदर की बात बाहर आ जाती है तब बवंडर आ जाता है। लेकिन यह बवंडर तब तक ही रहा करता है जब तक कि नया बवंडर न आ जाए।

वैसे तो राजनीति में बहुत धमाके किए जाते हैं। लेकिन किसी भी धमाके का कभी निष्कर्ष नहीं निकलता। राजनीति में चाहे सत्तापक्ष हो या प्रतिपक्ष, लेकिन संदेह का लाभ समान रूप से मिला करता है। यही कारण है कि दिनोंदिन विकृत होती जा रही राजनीति को नीति और सिद्धांतों का लेप लगाकर अपनी-अपनी झिझक को छोड़ा जाता है। जहां तक जनता जनार्दन का सवाल है, तो उसकी स्थिति महज 'ज्ञाता दृष्टा' की ही होती है। जनता कोई निर्णायक कदम नहीं उठाती। यही कारण है कि राजनीति में 'ये हो या वे', लेकिन सभी एक ही थैली के चट्टे-बट्टे सिद्ध होते हैं। यही कारण है कि ऐसा माना जाता है कि राजनीति में चेहरे बदलते हैं लेकिन चरित्र नहीं।

वैसे तो राजनीति से हमारा कोई सीधा सरोकार नहीं है। सरोकार बस इतना -सा है कि जब-जब चुनाव की रणभेरी बजती है, तब-तब हम एकाएक आम से खास हो जाते हैं। यानी कि हम एक अजीब प्रकार के अधिकार बोध से भर जाते हैं। जब हमारा काम हो जाता है और उनका काम बन जाता है, तब हम आम जनता की भीड़ का एक अदना सा हिस्सा बन कर रह जाते हैं। तथाकथित जनसेवक राजा-महाराजा जैसा व्यवहार करने लगते हैं। यह सिलसिला निरंतर जारी रहा करता है। लोग समझते हैं कि हम मुल्क के मालिक हैं, लेकिन क्या बताएं आपको? हमारी हम ही जानते हैं कि हमें जीने के लिए कितनी दुश्वारियां को झेलना होता है!

## नॉलेज कॉर्नर: भारत के पास 803.58 टन गोल्ड रिजर्व

# किस देश के पास है सबसे अधिक सोना!

आज के वक्त में सोना में निवेश करना एक बेहतरीन विकल्प माना जाता है। दुनिया के अलग-अलग देश अपने पास गोल्ड रिजर्व करके रखते हैं। जिसके जरिए वो दूसरे देशों के साथ व्यापार भी करते हैं। फोर्ब्स इंडिया की मार्च 2024 की एक रिपोर्ट के मुताबिक वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने साल 2023 के चौथे क्वार्टर के हिसाब से बताया कि अमेरिका के पास सबसे ज्यादा सोना है। इस देश के पास 8,133.46 टन सोने का भंडार है। इसके बाद जर्मनी दूसरे स्थान पर है, जिसके पास 3,352.65 टन गोल्ड रिजर्व है। वहीं तीसरे स्थान पर इटली है, जिसके पास 2,451.84 टन गोल्ड है। भारत के पास 803.58 टन गोल्ड रिजर्व मौजूद है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं सोने के बारे में...

### अब धरती पर बचा है इतना सोना

बता दें कि बीबीसी की साल 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे ने अंदाजा लगाया है कि धरती के अंदर 50 हजार टन गोल्ड रिजर्व है। इसका खनन होना बाकी है। वहीं करीब 1,90,000 टन सोना अब तक खनन के जरिए निकाला जा चुका है। हालांकि ये सिर्फ एक रफ आंकड़ा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि दुनिया में अब तक सोने का सबसे बड़ा स्रोत साउथ अफ्रीका का विटवॉटर्सरैंड



### भारत के पास है इतना रिजर्व गोल्ड

भारत गोल्ड रिजर्व के मामले में दुनिया भर में नौवें नंबर पर है। भारत के पास 806.7 टन सोना है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के गोल्ड रिजर्व में लगातार इजाफा हो रहा है और यही रफ्तार रही तो कुछ सालों में टॉप 5 में शामिल हो सकता है। बता दें कि साल 2001 में भारत के पास सिर्फ 357.5 टन सोना था, जो जून 2023 आते आते करीब 2 गुना से ज्यादा बढ़ गया है।

**सोने की परत**

*वैज्ञानिकों ने एक चौंकाने वाली बात बताई है। थ्योरी के मुताबिक, धरती के गर्भ में यानी धरती के कोर में इतना सोना है कि वो उसकी 4 मीटर मोटी परत से पूरी धरती ढक सकती है। लेकिन धरती के कोर तक खुदाई फिलहाल असंभव है। इंसान अभी उतना नीचे नहीं पहुंच पाया कि उसे धरती के गर्भ का हाल पता चले सके।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

X



**अमित शाह**, केंद्रीय गृह मंत्री
@AmitShah
मोदी सरकार ने बीते 10 वर्षों में अपनी नीतियों के केंद्र में गरीबों व किसानों को रखा है। गन्ना किसानों को समय पर भुगतान हो या आधुनिक हाइवे का निर्माण, बिजली की उपलब्धता व मजबूत कानून व्यवस्था, भाजपा सरकार ने हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उत्तर प्रदेश की जनता प्रदेश की सभी सीटें भाजपा को देकर इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित है।



**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जहां-जहां जा रहा हूं, कमल खिलता पा रहा हूं... आज लोकसभा क्षेत्र जालौर-सिरोही से भाजपा प्रत्याशी श्री लुम्बाराम चौधरी जी के नामांकन के अवसर पर आयोजित जनसभा में देवतुल्य जनता जनार्दन को संबोधित किया। सभा में देवतुल्य नागरिकों की ऊर्जा साफ बयां कर रही है कि जालौर-सिरोही लोकसभा सहित राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों पर राष्ट्रवाद का कमल खिलाने व माननीय प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजस्थान पूर्ण रूप से तैयार है।

### जम्मू कश्मीर में विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका: पीडीपी व नेशनल कॉन्फ्रेंस होंगी आमने-सामने

# महबूबा की घोषणा... घाटी की तीनों सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी पीडीपी

**एजेंसी** | श्रीनगर

विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों में सीटों के बंटवारे पर अलगाव जारी है। गठबंधन को अब जम्मू-कश्मीर में झटका लगा है। यहां पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस में सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं बन पाई है। महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पार्टी कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। । मुफ्ती ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हमारे लिए उम्मीदवार खड़ा करने और चुनाव लड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं छोड़ा है। महबूबा की इस घोषणा से साफ है कि अब पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस लोकसभा चुनाव में आमने-सामने होंगी। हालांकि, जम्मू की दो संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला अभी किया जाना है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि पार्टी का संसदीय बोर्ड उम्मीदवारों पर कुछ दिनों में अंतिम फैसला करेगा।



पीडीपी का यह फैसला नेशनल कॉन्फ्रेंस ने हाल की इस घोषणा के बाद आया है कि वह कश्मीर घाटी की तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने इंडिया गठबंधन में हुए सीट बंटवारे के तहत जम्मू की दो सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दीं।

### जम्मू कश्मीर में हैं पांच लोकसभा सीट

ज्ञात रहे कि जम्मू-कश्मीर में पहले 6 लोकसभा सीटें थीं। लेकिन, लद्दाख के अलग केंद्र शासित राज्य बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में 5 लोकसभा सीटें बारामूला, श्रीनगर, जम्मू, अनंतनाग-राजौरी और उधमपुर रह गई हैं।

### नेशनल कॉन्फ्रेंस का रवैया बताया निराशाजनक

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व का रवैया निराशाजनक और आहत करने वाला है। उन्होंने कहा जब मुंबई में इंडिया गठबंधन की बैठक हुई तो मैंने वहां कहा कि चूंकि फारूक अब्दुल्ला हमारे वरिष्ठ नेता हैं, इसलिए वह फैसला करेंगे और इंसाफ करेंगे। मुझे उम्मीद थी कि वह पार्टी हितों को एक तरफ रख देंगे। लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कश्मीर की तीनों सीट पर चुनाव लड़ने का एकतरफा फैसला लिया।उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में राजनीतिक दलों का एकजुट रहना समय की मांग है।

### नहीं किया सलाह-मशविरा

महबूबा मुफ्ती ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और उमर अब्दुल्ला पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस ने फैसले की घोषणा करने से पहले पीडीपी से सलाह-मशविरा किया होता, तो उनकी पार्टी कश्मीर के व्यापक हित में उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला कर सकती थी।

### फारूक नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और श्रीनगर से मौजूदा सांसद फारूक अब्दुल्ला स्वास्थ्य संबंधी कारणों से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। यह घोषणा फारूक के बेटे और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को रावलपोरा में एक पार्टी समारोह के दौरान की।

## समाजवादी पार्टी ने अब बागपत से बदला प्रत्याशी



**बागपत।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा से एडवोकेट भानु प्रताप का टिकट बदलने के बाद समाजवादी पार्टी ने नामांकन खत्म होने से एक दिन पहले बुधवार को बागपत से प्रत्याशी बदल दिया है। यहां पार्टी ने ब्राह्मण कार्ड खेले हुए अमरपाल शर्मा को प्रत्याशी घोषित किया है। सपा ने यहां से पहले मनोज चौधरी को उम्मीदवार बनाया था, जिनका टिकट काटकर अमरपाल शर्मा पर भरोसा जताया है। उनका मुकाबला राजग के प्रत्याशी राजकुमार सांगवान से होगा। समझा जाता है कि जातीय समीकरण और ब्राह्मण मतदाताओं को देखते हुए अखिलेश यादव ने अमरपाल को यह टिकट दिया है।

## बसपा ने 12 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**लखनऊ।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) ने बुधवार को उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर लखनऊ, मैनपुरी और कन्नौज सहित 12 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की। पार्टी ने मथुरा से प्रत्याशी बदल दिया है। वहीं, लखनऊ की प्रतिष्ठित सीट से सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा गाजियाबाद से नंद किशोर पुंडीर, अलीगढ़ से हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय, मथुरा से सुरेश सिंह , मैनपुरी सीट से गुलशन देव शाक्य, खीरी से अंशय कालरा रॉकीजी और उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। इसी प्रकार मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान, कन्नौज से इमरान बिन जफर, कौशाम्बी से शुभ नारायण, लालगंज से इंदू चौधरी और मिर्जापुर से मनीष त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

### कांग्रेस का घर-घर गारंटी अभियान शुरू, खरगे ने भाजपा को घेरा, कहा...

# लोगों तक नहीं पहुंचती PM मोदी की गारंटी, कांग्रेस पूरे करती है वादे

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने बुधवार को 'घर-घर गारंटी' अभियान का शुभारंभ किया। जिसका मकसद देशभर में आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचना है।

इस दौरान पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मोदी की गारंटी' की बात करते हैं, लेकिन यह (गारंटी) विफल है और लोगों तक नहीं पहुंचती है। लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है।

खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया।



इस अवसर पर खरगे ने कहा कि इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा, हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के समय की प्रमुख योजनाओं और कानूनों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों में देश की जनता को फायदा हुआ है

### क्या है गारंटी अभियान

कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड देशभर में घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र पांच न्याय – 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय'- पर आधारित होगा। यह पांच अप्रैल को जारी किया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि यह गौर करना जरूरी है कि घर-घर गारंटी की शुरुआत ऐसी जगह से की जा रही है, जहां से कांग्रेस ने 1978 में पहली बार हाथ के चुनाव चिह्न का इस्तेमाल किया था।

### न नौकरियों का वादा पूरा हुआ और ना MSP का

खरगे ने कहा, मोदी जी अपनी गारंटी की बात करते हैं, लेकिन उनकी गारंटी कामयाब नहीं हुई। उन्होंने हर साल दो करोड़ नौकरियों की बात की, लेकिन लोगों को नौकरी नहीं मिली। उन्होंने 15-15 लाख रुपए देने का वादा किया, लेकिन यह गारंटी भी पूरी नहीं। खरगे ने आरोप लगाया कि किसानों से किए वादे भी मोदी सरकार ने पूरे नहीं किए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने और फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी देने की बात की, लेकिन उन वादों का सम्मान नहीं किया। हम देश को बताना चाहते हैं कि कि हम जो भी वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कैसे कांग्रेस की सरकारों ने अतीत में मनरेगा, सूचना का अधिकार (आरटीआई), भोजन का अधिकार और शिक्षा जैसे कार्यक्रमों की गारंटी दी, जबकि कांग्रेस ने इनका वादा भी नहीं किया था।

### विपक्षी दलों को डराना चाहती है सरकार

आयकर के कांग्रेस को नोटिस के मुद्दे पर खरगे ने कहा, यह सरकार विपक्षी दलों को डराना चाहती है। इसने हमारे खातों को फ्रीज कर दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में दखल दिया है। आयकर विभाग ने हमारे फंड से 135 करोड़ रुपए लिए। क्या लोकतंत्र में इस तरह से निष्पक्ष चुनाव हो सकते हैं? क्या समान अवसर नहीं होने चाहिए?

### लोकतंत्र-संविधान की रक्षा चाहती है जनता

खरगे ने कहा कि स्वाधीनता आंदोलन में न तो भाजपा और नहीं आरएसएस ने कोई योगदान दिया। हम उन लोगों को बताना चाहते हैं कि जनता लोकतंत्र चाहती है और संविधान की रक्षा करना चाहती है। खरगे ने कहा, कांग्रेस अपनी पांच न्याय गारंटी तक पहुंचाने के लिए गारंटी कार्ड बांट रही है। इस पहल को आठ करोड़ परिवारों तक ले जाना चाहते हैं।

### पश्चिम यूपी को मथने में लगी है भाजपा

# अमित शाह ने दिया जीत का मंत्र, बूथ प्रबंधन पर जोर

■ तीन बार पहुंचे हर घर पर

**एजेंसी** | लखनऊ/ मुरादाबाद



भारतीय जनता पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के हाल के उत्तर प्रदेश के दौरे के पश्चात चुनाव अभियान तेज कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता पश्चिम उत्तर प्रदेश को खासतौर से मथ रहे हैं। बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुजफ्फरनगर में पार्टी की सभा को संबोधित किया जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गाजियाबाद में चुनाव सभा को संबोधित किया।

अमित शाह ने चुनाव सभा के संबोधन के साथ ही भाजपा की लोकसभा कोर कमेटी की बैठक में भी भाग लिया और पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को बूथ प्रबंधन के मंत्र दिए। उन्होंने जीत के लिए हर घर के दरवाजे पर दस्तक देने का आह्वान किया। बैठक में पहले और दूसरे चरण में होने वाले मतदान में शामिल पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर मंडल की 14, ब्रज प्रांत की मथुरा और अलीगढ़ और अवध की पीलीभीत लोकसभा सीट के कोर कमेटी के पदाधिकारी शामिल हुए।

सबसे पहले उन्होंने लोकसभा चुनाव प्रचार और जनसंपर्क अभियान की समीक्षा की। संक्षिप्त समीक्षा में सभी से पूछा गया कि अभी तक पन्ना प्रमुख सहित कितने प्रतिशत कार्य किया गया है।

### सीएए पर कांग्रेस फैला रही है भ्रम: राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को गाजियाबाद में विपक्षी दलों पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में मुस्लिम समुदाय में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत में रहने वाला किसी भी मुसलमान की नागरिकता नहीं जाएगी। वे गाजियाबाद में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि भाजपा जाति, पंथ और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करती, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ है।

### पीएम मोदी के विकल्प पर बोले थरूर...

# हम किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि पार्टी या गठबंधन को चुनते हैं

**एजेंसी** | तिरुवनंतपुरम

कांग्रेस नेता शशि थरूर का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकल्प कौन हो सकता है, यह सवाल संसदीय प्रणाली में अप्रासंगिक है, क्योंकि हम किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि एक पार्टी या पार्टियों के गठबंधन को चुनते हैं। थरूर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि एक पत्रकार ने उनसे यह सवाल पूछा था। उन्होंने लिखा, मुझसे एक ऐसे शख्स की पहचान करने के लिए कहा है जो नरेंद्र मोदी का विकल्प है। थरूर ने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी का विकल्प अनुभवी, सक्षम और विविध भारतीय नेताओं का वह समूह है, जो लोगों की परेशानियों के प्रति जवाबदेह होगा और व्यक्तिगत अहंकार से प्रेरित नहीं होगा।



### तिरुवनंतपुरम से नामांकन पत्र दाखिल

शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले थरूर ने निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की। चुनाव मैदान में थरूर को मुकाबला वरिष्ठ सीपीआई नेता और पूर्व सांसद पन्नियन रवींद्रन और भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर से हैं।

### मुक्केबाज विजेंदर सिंह का नया पंच...

# कांग्रेस छोड़ कर भाजपा का दामन थामा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलिंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह ने भी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। विजेंदर के लोकसभा चुनाव में मथुरा से भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी के खिलाफ चुनाव लड़ने की चर्चा थी, लेकिन बुधवार को उन्होंने पाला बदलकर सभी को चौंका दिया। ज्ञात रहे कि उन्होंने राहुल गांधी के साथ 'भारत जोड़ो' यात्रा में में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। उन्होंने बुधवार को भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता और दक्षिण दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विजेंदर सिंह जाट समुदाय से ताल्लुक रखते हैं, जिसका हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में सीटों पर राजनीतिक प्रभाव है। ऐसे में उनका भाजपा में शामिल होना कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। विजेंदर सिंह ने भाजपा में शामिल होने पर कहा, भाजपा में आकर मैं बहुत उत्साहित हूं।



### कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था पिछला चुनाव

विजेंदर सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव दक्षिणी दिल्ली सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2008 बीजिंग ओलिंपिक में मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने कई अन्य अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में भी देश के लिए पदक जीते हैं।

**चुनावी चौसर**

# राहुल गांधी ने केरल के वायनाड से भरा नामांकन, किया मुद्दे उठाने का वादा

■ 2019 में राहुल गांधी वायनाड से 4,31,770 वोटों के अंतर से जीते थे

**एजेंसी** | तिरुवनन्तपुरम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल की वायनाड लोकसभा से अपना नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के समय राहुल के साथ उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं। नामांकन दाखिल करने से पहले उन्होंने एक रोड शो किया और फिर कलेक्टर ऑफिस में अपना पर्चा दाखिल किया। रोड शो के दौरान राहुल ने कहा कि वह वायनाड के मुद्दों को देश और दुनिया के सामने लाने के लिए हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली और केरल में कांग्रेस की सरकार बनी तो राज्य की सारी समस्याओं का समाधान निकाल लेंगे। ज्ञात रहे कि 2019 के चुनाव में राहुल गांधी वायनाड से 4,31,770 वोटों के अंतर से जीते थे। राहुल गांधी ने नामांकन पत्र में अपनी संपत्ति के साथ उनके खिलाफ चल रहे मामलों की भी जानकारी दी है। शपथ पत्र में उनके खिलाफ कुल 18 आपराधिक मामलों का जिक्र किया है। उन्होंने सूरत कोर्ट की तरफ से सुनवाई गई सजा का भी जिक्र किया है।



### राहुल के पास न कार, ना कोई दुपहिया वाहन

राहुल गांधी ने अपने नामांकन पत्र में बताया है कि उन्हें पिछले साल 1.02 करोड़ रुपए की आय हुई। 2021-22 में यह आंकड़ा 1.31 करोड़ रुपए था। उनके पास नकद के तौर पर 55 हजार रुपए हैं। दो सेविंग अकाउंट में 15 मार्च तक कुल 26 लाख 25 हजार रुपए जमा हैं। इसके अलावा उनकी यंग इंडिया में 1.90 लाख रुपए की इक्विटी शेयर हैं। राहुल गांधी ने 4.33 करोड़ रुपए शेयर बजार में लगाएं हैं। इनमें उन्होंने करीब 30 कंपनियों के शेयर लिए हैं। उन्होंने इसके अलावा म्युचल फंड में 3.81 लाख रुपए लगाए हैं। राहुल गांधी ने अपने नामांकन पत्र में उल्लेख किया है कि उनके पास न कोई कार है और न ही कोई दुपहिया वाहन है। शपथ पत्र में उन्होंने 4.20 लाख रुपए की ज्वैलरी होने का जिक्र किया है। उन्होंने अपने नामांकन पत्र में कुल 9 करोड़ 24 लाख रुपए चल संपत्ति होने का ब्योरा पेश किया है। कृषि भूमि दूसरी अचल संपत्तियों का जिक्र किया है। जिनका बाजार मूल्य कुल 11 करोड़ 15 लाख रुपये के करीब है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके ऊपर कुल 49 लाख 79 हजार रुपए की देनदारी है।

### साझे में है खेती की जमीन

राहुल दिल्ली के महरौली स्थित सुल्तानपुर गांव में दो खेती की जमीन में बहन प्रियंका के साथ आधे के हिस्सेदार हैं। इन भूखण्डों का मौजूदा बाजार मूल्य 2.10 करोड़ रुपए बताया गया है। वहीं, राहुल के नाम पर गुड़गांव में ही 5838 वर्ग फीट का ऑफिस स्पेस है, जिसका मौजूदा बाजार मूल्य 9.04 करोड़ रुपए बताया गया है।

### हासिल की एमफिल की डिग्री

राहुल गांधी अपने नामांकन पत्र में अपनी शैक्षणिक योग्यता का जिक्र किया है। इसमें उन्होंने लिखा।0 है कि उन्होंने बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री फ्लोरिडा के रोलिंग कॉलेज से 1994 में हासिल की है। उन्होंने डेवलपमेंट स्टडीज में एम फिल की डिग्री कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के ट्रिनिटी कॉलेज से 1995 हासिल की थी।

### केरल में मजबूत स्थिति में कांग्रेस

केरल उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां कांग्रेस की अभी भी मजबूत उपस्थिति है। लोकसभा में केरल से 20 सांसद चुने जाते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं जबकि उसके गठबंधन यूडीएफ को 19 सीटों पर सफलता मिली थी। कांग्रेस के सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने दो, रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी ने एक और केरल कांग्रेस (एम) ने एक सीट पर कब्जा किया था।

## जरूरी खबर

### 19 मार्च के बाद जारी विज्ञापनों का ब्योरा दे: SC



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से उसके आदेश के बाद अखबारों में दिए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा है। दरअसल, अदालत ने निर्देश दिया था कि एनसीपी अपने सभी विज्ञापनों में यह डिस्क्लेमर जरूरी देगी कि घड़ी चिह्न का उपयोग एक विचाराधीन मामला है। इसी को लेकर शरद पवार गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अजित पवार गुट ने निर्देशों का पालन नहीं किया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने अजित पवार गुट से यह दिखाने के लिए कहा कि 19 मार्च के कोर्ट के आदेश के बाद कितने विज्ञापन प्रकाशित किए गए।

### वीवीपैट मामले पर SC अगले हफ्ते करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ईवीएम के साथ वीवीपैट मशीन की पर्चियों के मिलान के मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसोसिएशन फॉर डेमोक्रटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने की तरफ से दायर की गई याचिका अगले हफ्ते मंगलवार या बुधवार के लिए सूचीबद्ध की जाएगी। एडीआर की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने मांग की कि याचिका पर जल्द सुनवाई की जाए।

### केंद्र के खिलाफ शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है। स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसे जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37,000 करोड़ रुपए से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया।

## ऑस्ट्रेलिया के नौसेना प्रमुख भारत की यात्रा पर





*नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया की नौसेना के प्रमुख वाइस एडमिरल मार्क हैमंड ने बुधवार को नई दिल्ली में सीडीएस जनरल अनिल चौहान से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार के साथ भी बातचीत की। वाइस एडमिरल मार्क हैमंड नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में नौसेना द्वारा प्रस्तुत रस्मी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत किया गया।*

## भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जारी रहेगी: पीएम मोदी



**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नमो एप' के जरिए बुधवार को पश्चिम बंगाल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के पास दो ही विकल्प है। पहला जमानत और दूसरा जेल। पूरे देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए हिंसा का सहारा लिया, लेकिन हमारे कार्यकर्ता निडर होकर डटे रहे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने एक साथ आकर गठबंधन बनाया है और मोदी को गाली देते रहते हैं। लेकिन मैं आज स्पष्ट कर दूं कि मोदी भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना बंद नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि बंगाल में चुनावी हिंसा सबसे बड़ी चुनौती है। लेकिन चुनाव आयोग ने लोगों की सुरक्षा के इंतजाम किए हैं।

### दिल्ली शराब नीति घोटाला: कहीं राहत... कहीं इंतजार

# CM केजरीवाल की याचिका पर फैसला सुरक्षित, संजय हुए रिहा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बुधवार को हाई कोर्ट में इस पर लंबी सुनवाई हुई। केजरीवाल ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका दायर की है। दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह बुधवार रात तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कथित शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि



उन्हें ट्रायल कोर्ट द्वारा तय किए गए नियमों और शर्तों पर रिहा किया जाएगा। जेल से बाहर आते ही सिंह ने आप समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये संघर्ष करने का समय है। यह वक्त जश्न मनाने का नहीं है। हमारी पार्टी के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को जेल में रखा गया है।

### कोर्ट ने इन शर्तों पर दी जमानत

आप सांसद संजय सिंह को जमानत पर रिहाई देते हुए निचली अदालत (ट्रायल कोर्ट) ने कुछ शर्तें भी रखी हैं। जिन्हें संजय सिंह ने मान लिया है। सिंह की रिहाई से पहले उनकी पत्नी अनीता सिंह ने 2 लाख रुपए का बेल बॉन्ड भी भरा है।

### कोर्ट द्वारा तय शर्तें

- देश छोड़कर नहीं जा सकते, पासपोर्ट जमा करना होगा
- दिल्ली शराब घोटाला मामले में किसी भी तरह की टिप्पणी करने पर रोक
- सबूतों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं कर सकते
- दिल्ली-एनसीआर बिना इजाजत छोड़कर नहीं जाएंगे
- कहीं भी जाते वक्त संजय सिंह को अपने मोबाइल फोन की लोकेशन ऑन रखनी होगी

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर उठाया सवाल

अरविंद केजरीवाल को राहत मिलेगी या उनकी मुश्किलें जारी रहेंगी? इसका फैसला करने को दिल्ली हाई कोर्ट में बुधवार को लंबी बहस हुई। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की पीठ में अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। सिंघवी ने जहां केजरीवाल को निर्दोष बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि चुनाव में हिस्सा लेने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। वहीं, ईडी ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि घोटाला हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने दावा किया कि उसके पास केजरीवाल के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

### चुनाव आयोग की राज्यों के साथ बैठक

## कानून-व्यवस्था पर रहेगी नजर... बेदाग हो चुनाव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ-साथ केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त लोकसभा व विधानसभा चुनाव सुनिश्चित करने और एहतियाती कदम उठाने का निर्देश दिए हैं। आयोग ने बुधवार को एक अहम बैठक में कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा। बैठक में अधिकारियों से कहा गया है कि चुनाव में किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आयोग ने प्रत्येक राज्य-केंद्र शासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी बैठक में मौजूद थे। इस बैठक में राज्यों के मुख्य सचिवों, डीजीपी, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और सीएपीएफ के प्रमुख



भी शामिल हुए। इसमें आयोग ने अवैध गतिविधियों की और जब्ती की रोकथाम पर कड़ी निगरानी रखने के लिए कई पहलुओं पर चर्चा की है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि यह सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक बैठक है जो चुनाव चक्र के हर पांच साल में होती है। कुमार ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव आयोग एकदम बेदाग चुनाव कराना चाहता है इस दौरान चुनाव आयोग ने मणिपुर में हाल की हिंसा और शांतिपूर्ण चुनाव के आयोजन पर इसके प्रभावों पर भी चर्चा की।

### धनपतियों की सूची में भारतीयों का दमखम

## अंबानी 9वें व गौतम अडाणी 17 वें स्थान पर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुखिया मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। फोर्ब्स की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में फैला हुआ है। फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं। इससे पिछले साल यानी 2023 में उनकी संपत्तियों का मूल्य 83.4 अरब डॉलर था। गौतम अडाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं। ग्लोबल





सूची में वह 17वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है। 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट जारी होने के बाद एक समय उनकी संपत्ति 2022 के 90 अरब डॉलर से घटकर 47.2 अरब डॉलर रह गई थी।

### बर्नार्ड हैं शीर्ष पर

एलवीएमएच के बर्नार्ड अरनॉल्ट 233 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ सूची में शीर्ष पर हैं। इनके बाद 195 अरब डॉलर के साथ एलन मस्क और 194 अरब डॉलर के साथ अमेजन के जेफ बेजोस का स्थान है।

### ये भारतीय भी सूची में

सूची में शामिल अन्य भारतीयों में एचसीएल के सह-संस्थापक शिव नाडर 36.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 39वें ,जिंदल समूह की सावित्री जिंदल एवं परिवार 33.5 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 46वें, सन फार्मा के दिलीव सांघवी 26.7 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 69वें स्थान पर, वैक्सीन बनाने वाले साइरस पूनावाला 21.3 अरब डॉलर के साथ 90वें स्थान पर हैं।

### चुनाव के बीच खरगे की कार्रवाई

## संजय निरुपम कांग्रेस से निष्कासित

**एजेंसी** | मुंबई

कांग्रेस ने महाराष्ट्र में पार्टी के उत्तर भारतीय चेहरा संजय निरुपम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी बयानों की शिकायतों के बाद निरुपम के निष्कासन को मंजूरी दे दी है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इससे पहले महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया था कि कांग्रेस ने निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है। इसके अलावा पार्टी और राज्य इकाई



नेतृत्व के खिलाफ उनके बयानों के लिए भी निरूपम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। निरुपम मुंबई नार्थ वेस्ट सीट शिवसेना यूबीटी को दिए जाने से नाराज थे।

### शिवसेना शिंदे में हो सकते हैं शामिल

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि निरुपम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में अगर वे शिवसेना में प्रवेश लेते हैं तो इसे घरवापसी के तौर पर पेश कर सकेंगे। अगर निरुपम की शिवसेना में शामिल होते हैं तो फिर मुंबई नार्थ वेस्ट सीट से उद्धव ठाकरे गुट ग्रुप के प्रत्याशी अमोल कीर्तिकर के सामने चुनाव लड़ सकते हैं। शिवसेना यूबीटी की तरफ से कीर्तिकर का नाम घोषित किए जाने के बाद से निरुपम हमलावर हैं।

### केंद्रीय जल आयोग के बुलेटिन में दावा

# घट रहा है नदियों में जल, संकट में 2.86 लाख गांव

**एजेंसी** | नई दिल्ली

गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, पेन्नार, नर्मदा, तापी, साबरमती, गोदावरी, महानदी, कावेरी... इन नदियों में पानी तेजी से घट रहा है। पिछले साल की तुलना में इन नदियों में कम पानी बचा है। चिंता तो गंगा को लेकर है, जो 11 राज्यों के 2.86 लाख गांवों को सिंचाई और पीने के लिए पानी देती है। केंद्रीय जल आयोग के विश्लेषण के बाद यह बात सामने आई है। आयोग के अनुसार भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी जमा करने की उनकी कुल क्षमता से 36प्रतिशत कम पानी है। 86 जलाशयों में पानी 40 प्रतिशत या उससे कम पानी



फाइल फोटो

है। केंद्रीय जल आयोग की ओर से 28 मार्च को जारी बुलेटिन के अनुसार ज्यादातर जलाशय दक्षिणी राज्यों, महाराष्ट्र और गुजरात में हैं। तेलंगाना और कर्नाटक जैसे राज्य वर्षा की कमी के चलते सूखे से जूझ रहे हैं। इससे देश के प्रमुख जलाशय सूख गए हैं। इसमें से 7.8 फीसदी क्षेत्र अत्यधिक सूखे की स्थिति में हैं। कावेरी, पेन्नार और कन्याकुमारी के बीच पूर्व की ओर बहने वाली नदियां सबसे अधिक नुकसान में हैं।

### विशेषज्ञों ने इसलिए जताई चिंता

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा राज्यों के 86,643 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र से बहती हुई नदियां सीधे बंगाल की खाड़ी में गिरती हैं। इस बेसिन में कृषि भूमि कुल क्षेत्रफल का लगभग 60 फीसदी है। संयुक्त बेसिन में महत्वपूर्ण शहर विशाखापत्तनम, विजयनगरम, पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी, श्रीकाकुलम और काकीनाडा शामिल हैं। विशेषज्ञों के अनुसार गर्मी के चरम से पहले ही नदियों के सूखने की यह स्थिति काफी चिंताजनक है।

### खेती-बाड़ी पर पड़ेगा असर

गंगा बेसिन की बात करें तो 11 राज्यों के लगभग 2 लाख, 86 हजार गांव इस पर स्थित हैं। यहां कृषि भूमि कुल बेसिन क्षेत्र का 66.57 फीसदी है। गंगा बेसिन से पानी का कम होना खेती-बाड़ी को प्रभावित करेगा क्योंकि इस बेसिन का 65.57% इलाका कृषि भूमि है। नर्मदा में 46.2%, तापी में 56%, गोदावरी में 34.76%, महानदी में 49.53% और साबरमती में 39.54 फीसदी पानी की कमी है। आंकड़ों के अनुसार गंगा, ब्रहमपुत्र, सिंधु, कावेरी के बेसिक के कई क्षेत्र अलग-अलग स्तर के सूखे का सामना कर रहे हैं। देश में कम से कम 35.2 फीसदी क्षेत्र वर्तमान में असामान्य से असाधारण सूखे के अंतर्गत है। वहीं 3.8 फीसदी क्षेत्र असाधारण सूखे के अंतर्गत। एक साल पहले यह स्थिति क्रमश: 6.5 फीसदी और 3.4 फीसदी थी। यानी एक साल के दौरान अत्यधिक सूखे और असाधारण सूखे क्षेत्र का विस्तार हुआ है।

## डॉ. सिंह रिटायर, 12 नए सदस्यों ने ली शपथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के लिए नवनिर्वाचित 12 सांसदों को बुधवार को शपथ दिलाई। शपथ संसद भवन में दिलाई गई। राज्य सभा के 54 सदस्यों का कार्यकाल दो और तीन अप्रैल को पूरा हो गया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी शामिल हैं।

शपथ लेने वालों में धर्मशिला गुप्ता, मनोज कुमार झा, संजय यादव, गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, सुभाष चंद्र, हर्ष महाजन, जीसी चंद्रशेखर, एल मुरुगन, अशोक सिंह, चंद्रकांत हंडोरे, मेधा विश्राम कुलकर्णी और साधना सिंह शामिल हैं। इनका कार्यकाल तीन अप्रैल से शुरू



हुआ है। शपथ लेने वाले सांसदों में सात भाजपा, तीन कांग्रेस और दो राष्ट्रीय जनता दल के हैं।

इनमें से तीन बिहार से, दो महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से और एक-एक गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश से हैं।

## भक्ति भाव से मनाया भगवान आदिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव


# 48 मंडलों पर ऋद्धि मंत्रों से किया गया भक्तामर स्तोत्र दीप अनुष्ठान

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बुधवार को भक्ति भाव से मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना, मंडल विधान पूजा सहित शोभायात्रा, भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान, महाआरती के आयोजन किए गए। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः भगवान आदिनाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना कर अर्घ्य चढ़ाए गए।

राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में भट्टारकजी की नसियां में 48 मण्डलों द्वारा ऋद्धि मंत्रो से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने बताया कि सायकांल 7:15 बजे से आयोजित इस अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा भगवान आदिनाथ की महाआरती के बाद 48 मण्डलो पर 48-48 दीपक प्रज्जवलन कर ऋद्धि मंत्रों से युक्त भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान का संगीतमय पाठ किया गया।






### इन मंदिरों में भी हुए आयोजन

मीरा मार्ग के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, एस एफ एस जैन मंदिर, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, चौड़ा रास्ता के यति यशोदा नन्द जी मंदिर, बोरड़ी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर पाटोदियान, आचार्यों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर सिरमोरियान, मनिहारों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर बड़ा दीवान जी, वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल स्थित श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, खोह नागोरियान स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शान्तिनाथ जी की खोह, विवेक विहार के दिगम्बर जैन मंदिर, प्रतापनगर के सैक्टर 17 स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, रामगंज बाजार स्थित दिगम्बर जैन मंदिर बख्शी जी, सूरजपोल गेट पर आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मोहनबाड़ी सहित कई मंदिरों में आदिनाथ जयंती के विशेष आयोजन हुए। श्री जैन के मुताबिक शांतिनाथ जी की खोह में कमल वैद के नेतृत्व में प्रातः भूगर्भ से प्रकटित 1000 वर्ष प्राचीन अतिशय कारी आदिनाथ भगवान की प्रतिमा के पंचामृत अभिषेक व शांति धारा की गई।

### इनको मिला दीप प्रज्वलन का सौभाग्य

मुख्य मण्डल पर दीप प्रज्वलन अशोक टकसाली परिवार व अन्य अतिथियों ने किया। शास्त्र विराजमानकर्ता कपूर चन्द महावीर प्रसाद कसेरा, चतुष्कोणीय दीप प्रज्वलनकर्ता शिखर चन्द सुप्रिया जैन सारसोप,निर्मल-कमलेश पाटोदी धुवां वाले, प्रमोद-ज्योति जैन बावड़ी वाले एवं अशोक-विमला पापड़ीवाल थे। अतिथियों का स्वागत व सम्मान अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन जैन, उपाध्यक्ष मुकेश ने सोगाणी, महामंत्री मनीष बैद,' मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, संयुक्त मंत्री भानू छाबड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, मुख्य संयोजक सुभाष कुमार बज एवं जिनेन्द्र कुमार जैन 'जीतू' आदि ने किया।



### भक्तामर स्तोत्र और भजनों पर झूमे

गायक नरेन्द्र जैन एण्ड पार्टी ने भक्तामर स्तोत्र और भजनों की प्रस्तुति दी। पुरुष सफेद वस्त्र तथा महिलाएं लाल चुनड़ी की साड़ी पहनकर शामिल हुए। श्रद्धालु गण संगीत की लहरियों पर झूम उठे। मंच संचालन सुभाष बज ने किया। आभार महामंत्री मनीष बैद ने व्यक्त किया।

## ठाकुर जी को लगाया 56 भोग



**बेधड़क. जयपुर।** इंद्र के कोप से हुई अतिवृष्टि से घबराए हुए ब्रज वासियों को अपनी तर्जनी अंगुली से विशाल गोवर्धन पर्वत को उठाकर सुरक्षित अपनी शरण में लेकर बचाने वाले श्री कृष्ण का गुणगान करते हुए बधाइयों से संत आश्रम गुंजायमान हो उठा। जयपुर के नायला स्थित निम्बार्क आश्रम में बाबा शुकदेवदास स्मृति महोत्सव के तहत चल रही भागवत कथा के दौरान बुधवार को गिरिराज उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर 56 भोग की झांकी भी सजाई गई। साथ प्रतीक स्वरूप आमय निर्मित गोवर्धन की पूजा की गई। श्रद्धालुओं ने श्री गोवर्धन महाराज की मानसिक पूजाकर गीत गाते हुए मन से परिक्रमा भी लगाई।

## झूलेलाल भक्ति संध्या आज

**बेधड़क. जयपुर।** चेटीचंड सिंधी मेला समिति, सिद्ध ठाकुर नाथ सेवा समिति, पूज्य सिंधी नवयुवक पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में चेटीचंड पखवाड़े के तहत गुरुवार को भगवान झूलेलाल एवं गुरु सोमनाथ भक्ति संध्या का आयोजन अग्रवाल फार्म थड़ी मार्केट स्थित सामुदायिक केंद्र पर किया जाएगा। सिद्ध ठाकुर नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोहन नानकानी ने बताया कि अग्रवाल फार्म स्थित शीश महल झूलेलाल मंदिर से शाम 4 बजे से 151 महिलाओं की कलश यात्रा रवाना होगी। संयोजिका शोभा बसंतानी ने बताया कि महापौर सौम्या गुर्जर कलश यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगी। महासचिव पूरणमल सुथार ने बताया शाम 5:15 बजे डॉक्टर शंकर नाथ योगी प्रवचन देंगे। समिति के पंकज चौथानी और मुकेश सोनी सहित चेटीचंड सिंधी मेला समिति अध्यक्ष अशोक सेवानी, महासचिव शंकर दुलानी, हरीश असरानी 1075 दीपकों से महाआरती करेंगे।

## जिंक अकादमी ने जीता मैच




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर में मैच खेले जा रहे हैं। इसी के तहत रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में बुधवार को राजस्थान फुटबाल लीग प्रतियोगिता के 72 मैचों से 25वां मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि जिंक फुटबॉल अकादमी और रॉयल फुटबॉल क्लब के बीच रोचक मुकाबला हुआ। इसमें जिंक फुटबॉल अकादमी ने 5-1 से शानदार जीत हासिल की।

## City इवेंट्स

### चार अरब थाली परोसने की उपलब्धि



**बेधड़क. जयपुर।** मानव कल्याण और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत अक्षय पात्र फाउंडेशन ने हाल ही में पूरी दुनिया में चार अरब थाली परोसने की विशेष उपलब्धि हासिल की है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का उत्सव हाल ही में संयुक्त राष्ट्र में मनाया गया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष कार्यक्रम 'खाद्य सुरक्षा में उपलब्धि: सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में भारत की प्रगति' का आयोजन किया। इस आयोजन में भारतीय सामाजिक संगठन अक्षय पात्र फाउंडेशन के अध्यक्ष मधु पंडित दास, इंफोसिस के संस्थापक सदस्य एनआर नारायणमूर्ति और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी भी शामिल हुए। हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर के अध्यक्ष अमितासन दास ने इस उपलब्धि पर सबका आभार प्रकट किया।

### 'हीरामंडी' का पहला गाना रिलीज

**बेधड़क. जयपुर।** संजय लीला भंसाली की अपकमिंग बेव सीरीज 'हीरामंडी' का पहला गाना 'तिलस्मी बाहें' बुधवार को रिलीज हुआ। ये गाना सोनाक्षी पर फिल्माया गया है। इसमें सोनाक्षी काफी अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। सॉन्ग में दिखाया गया है कि सोनाक्षी और आदिति राव हैदरी मिलकर किसी मकसद को अंजाम देना चाहती हैं। गाने के आखिर में दोनों एक दूसरे को लुक देती हुई नजर आई हैं। बता दें 'तिलस्मी बाहें' को संजय लीला भंसाली ने ही कंपोज किया है। 'हीरामंडी' में कुल 8 एपिसोड होंगे। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर 190 देशों में लॉन्च की जाएगी। हाल ही में सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस की गई थी। सीरीज 1 मई, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए भंसाली ने अपना ओटीटी डेब्यू किया है। 'हीरामंडी' ब्रिटिश राज के खिलाफ इंडियन फ्रीडम मूवमेंट के दौरान लाहौर के हीरामंडी रेड-लाइट इलाके में तवायफों की जिंदगी को दिखाता है।

### 'ऐ मोहब्बत जिंदाबाद' में गूंजेंगे गीत

**बेधड़क. जयपुर।** शहर में 7 अप्रैल को बॉलीवुड के गोल्डन एरा के दौरान सत्तर और नब्बे के दशक में सुपर हिट रहे गीतों का कार्यक्रम 'ऐ मोहब्बत ज़िंदाबाद' आयोजित किया जाएगा। ये कार्यक्रम रविवार शाम 6.00 बजे से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में होगा। इसमें में प्रदेश के सुपरिचित गायक मोहन कुमार बालोदिया के निर्देशन में शहर के 15 शौकिया कलाकार इन गीतों को अपनी आवाज़ देंगे। बालोदिया लाइव बैंड और डायमंड ऑर्केस्ट्रा के बैनर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश निःशुल्क रखा गया है। कार्यक्रम में मोहन कुमार बालोदिया, रश्मी बालोदिया, नागेश भटनागर, राजीव माथुर, कृष्ण कुमार मीणा, राजीव सक्सेना, नीना सक्सेना, विशाल शर्मा, रणवीर सिंह, संजय भटनागर, सतीश शर्मा, गणेश सुथार, हनुमान शर्मा, बेला माथुर, मनीषा जैन, विधि आचार्य और निकिता लालवानी प्रस्तुति देंगे।



## जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में आयोजन

# प्रभातफेरी निकाली और 108 मंत्राभिषेक के साथ शान्तिधारा



बेधड़क | जयपुर

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में बुधवार को अयोध्या में जन्मे प्रथम तीर्थंकर भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस मौके पर महिला मंडल व युवा मंच के सहयोग से जनकपुरी में प्रभात फेरी प्रभातफेरी निकाली गई। इससे पूर्व 108 मंत्राभिषेक के साथ शान्तिधारा की गई।

प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि 108 मन्त्रों के उच्चारण के साथ श्रावकों द्वारा भगवान आदिनाथ के अभिषेक के बाद देवेश कासलीवाल, महेश काला, शिखर चन्द जैन व कमलेश जैन द्वारा विश्व शांति हेतु बीजाक्षर युक्त शान्तिधारा की गई।

इसके बाद जीवन को असि मसि कृषि विद्या वाणिज्य व शिल्प कला के साथ जीना सिखाने वाले भगवान आदिनाथ की तस्वीर सजाकर, हाथों में जैन ध्वज लिए और गले में पीत दुपट्टा लगाकर सजे धजे श्रावक श्राविकाए, जैन धर्म के भक्ति गान व जयकारों के साथ महिला मंडल व युवा मंच के सहयोग से जनकपुरी के रास्तों में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान घर-घर के सामने जैन परिवारों की ओर से आरती उतारी गई और भक्ति के साथ वंदन किया गया। मंदिर जी पहुंचने के बाद जैन समाज जन द्वारा पूजन व आदिनाथ के जीवन पर चर्चा की गई तथा शाम को भक्तामर दीप अर्चना के बाद बड़े बाबा अर्हम नमः के 108 जाप किए गए।

## नव निर्वाचित कार्यकारिणी CM भजनलाल से मिली

# मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर दिया प्रेस क्लब आने का निमंत्रण



बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर बुधवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़ (बिल्लू बना), महासचिव योगेन्द्र शर्मा पंचौली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर, राहुल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुर्जर, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, सिद्धार्थ उपाध्याय, नमोनारायण अवस्थी, शालिनी श्रीवास्तव और उमंग माथुर उपस्थित रहे।

अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, महासचिव योगेंद्र पंचोली और प्रबंध कार्यकारिणी ने मुख्यमंत्री को एक पौधा भी भेंट किया। साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल सिंह तंवर ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह पर लिखी पुस्तक शेर-ए-राजस्थान सीएम को भेंट की। प्रेस क्लब कार्यकारिणी के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को क्लब में आने के लिए आमंत्रित भी किया। इस पर उन्होंने कार्यकारिणी को आश्वासन दिया कि वे जरूर क्लब में आएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रेस प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से क्लब को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

**शूटिंग** | निर्देशक नटराज टोंक और आसपास के क्षेत्र में कर रहे हैं फिल्मांकन

# महिला शोषण के खिलाफ आवाज उठाएगी राजस्थानी फिल्म

बेधड़क | जयपुर

'एक महिला जो औरतों पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाती है। समाज उस पर जमकर अत्याचार करता है, लेकिन वो टूटती नहीं और एक दिन वह यह साबित करने में कामयाब हो जाती है कि महिला कमजोर नहीं होती है, वो अगर अपनी पर आ जाए तो पहाड़ को भी झुका सकती है।' औरत की इस हिम्मत को सलाम करती है निर्देशक नटराज की अपकमिंग राजस्थानी फिल्म। फिल्म की शूटिंग इन दिनों टोंक और आसपास के एरिए में की जा रही है, जिसमें राजस्थान के जानेमाने कलाकार भाग ले रहे हैं।

निर्देशक नटराज बताते हैं कि यह मूवी का सेकंड शिड्यूल है। एक शिड्यूल इससे पहले कंप्लीट किया जा चुका है। तीसरा और अंतिम शिड्यूल भी बहुत जल्द प्लान किया जाएगा, जिसमें बचा हुआ पेचवर्क भी किया जाएगा।



### ये कलाकार कर रहे हैं अभिनय

मूवी में शिवराज गुर्जर, प्रतिष्ठा ठाकुर, शिवराज गुर्जर, मुकेश छैला, विशा पाराशर, हंसा रंगीली, राखी रंगीली, रिया सैनी, भावना शेखावत, फबीहा, वंदना शर्मा, संतोष कंवर, अभिषेक शर्मा, महेद्र शर्मा महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### डायरेक्शन में डेब्यू कर रहे हैं नटराज

फिल्मों में कोरियोग्राफर के रूप में करिअर शुरू करने वाले नटराज ने प्रोडक्शन मैनेजर से लेकर गीत लेखन और स्क्रीनप्ले में अपनी प्रतिभा दिखाई और अब वे निर्देशन में उतरने जा रहे हैं। यह निर्देशक के रूप में उनकी पहली मूवी है, जिसका टाइटल अभी फाइनल नहीं किया गया है। अस्थायी रूप से अभी इसे एन वन के रूप में टाइटल दिया गया है।

### टोंक से हैं मेकर्स और डायरेक्टर

फिल्म के मेकर्स टोंक शहर से हैं। स्थानीय निवासी होने के कारण अपने शहर को हाइलाइट करने की इच्छा के चलते ही शूटिंग के लिए भी टीम ने टोंक और आसपास के क्षेत्र को ही चुना है। स्टोरी और स्क्रीन प्ले नटराज का है और संवाद रागिनी गुप्ता ने लिखे हैं। क्रिएटिव डायरेक्टर प्रमोद आर्य और डी. डी. मंगल हैं तथा लाइन प्रोड्यूसर बेनी प्रसाद गुर्जर और जयकुमार जैन हैं। सहायक निदेशक अजय सैनी है। डीओपी विकास सक्सेना हैं और मेकअप अंजना शर्मा ने किया है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 04 अप्रैल, 2024



जहां पत्तियां नहीं झरती वहां बसंत नहीं आता।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### हिलने लगे पुल और खंभे, करोड़ों रुपए का नुकसान... पड़ोसी देशों ने जारी की सुनामी की चेतावनी

# शक्तिशाली भूकंप से कांपा ताइवान, झुक गई इमारतें



**7.4** मापी गई तीव्रता

**07** लोगों की मौत

**700** से ज्यादा घायल

**34.8** किमी की गहराई में था केंद्र

**एजेंसी** | ताइपे

ताइवान के लिए बुधवार की सुबह एक बड़े भूकंप के झटके वाली रही। 7.4 की तीव्रता के भूकंप से पूरा देश हिल गया। भूकंप से 7 की मौत हुई है और 700 से ज्यादा लोग घायल हैं। ताइवान के पड़ोसी देशों ने सुनामी की चेतावनी जारी की है। अमेरिका के भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का केंद्र ताइवान के हुलिएन शहर से लगभग 18 किमी दक्षिण में स्थित है।

आंशिक रूप से कई इमारतें ढह गई हैं और खतरनाक तरीके से झुकी हुई दिख रही हैं। यह ताइवान का 25 वर्षों में सबसे तगड़ा भूकंप है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने कहा कि भूकंप की तीव्रता 7.4 थी, जिसका केंद्र ताइवान के हुआलिएन शहर से 18 किलोमीटर (11 मील) दक्षिण में 34.8 किलोमीटर की गहराई पर था। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई है।



### 1999 में मारे गए थे 2400 लोग

सितंबर 1999 में ताइवान में 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। इस घटना में तकरीबन 2400 लोग मारे गए थे। दूसरी ओर, जापान में हर साल लगभग 1,500 भूकंप के झटके महसूस होते हैं। ताइवान का सबसे घातक भूकंप अप्रैल 1935 में द्वीप के पश्चिमी तट के पास आया था। इसमें 3,200 से अधिक लोग मारे गए थे, जबकि 12,000 से अधिक अन्य घायल हुए थे।



### भूकंप के दौरान हिलने लगा पुल

ताइवान से भूकंप के दौरान के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इसमें दिख रहा है कि पुल और सड़क पर लगे खंभे हिल रहे हैं। एक वीडियो आया है, जिसमें एक शख्स स्वीमिंग पूल में नहा रहा है। लेकिन भूकंप के आते ही पूल में भरा पानी हिलने लगता है।

### कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन का सुरक्षा सम्मेलन

# क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म से निपटना होगा: डोभाल

### भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने आतंकवाद पर दी कड़ी प्रतिक्रिया

**एजेंसी** | अस्ताना

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद से प्रभावी तरीके से और शीघ्रता से निपटना चाहिए जिसमें क्रॉस-बॉर्डर टेररिज्म भी शामिल है। उन्होंने इस खतरे से निपटने में दोहरे मानकों से बचने की अपील की। डोभाल कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन के एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने आतंकवाद के प्रायोजकों, फंडिंग करने वालों और मददगारों को जवाबदेह ठहराने की जरूरत को भी रेखांकित किया। डोभाल ने एससीओ क्षेत्र में विभिन्न आतंकवादी समूहों की ओर से पैदा होने वाले खतरे का भी मुद्दा उठाया जिसमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अल कायदा और आईएसआईएस शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ट्रांजिट ट्रेड और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और जोर दिया कि इस तरह के कदम एससीओ सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूरी तरह से सम्मान करने वाले होने चाहिए।



### टेरर फंडिंग को रोकना जरूरी

अजीत डोभाल ने सीमा पार से हथियारों और नशीली दवाओं की तस्करी के लिए आतंकवादियों की ओर से ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल का मुकाबला करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत टेरर फंडिंग का मुकाबला करने के लिए आरएटीएस-एससीओ के भीतर सहयोग के लिए एक प्रभावी तंत्र के निर्माण का समर्थन करता है।

### अफगानिस्तान में आतंकवाद पर चिंता

डोभाल ने अपने संबोधन में अफगानिस्तान में आतंकवादी नेटवर्क की मौजूदगी के साथ-साथ सुरक्षा स्थिति पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के पड़ोसी के रूप में भारत के अफगानिस्तान में वैध सुरक्षा और आर्थिक हित हैं। भारत ने अफगानिस्तान में तीन अरब डॉलर का निवेश किया है, टिड्डियों के खतरे से निपटने के लिए 40,000 लीटर मैलाथियान कीटनाशक की सप्लाई की है, 50,000 मीट्रिक टन गेहूं और 250 टन चिकित्सा सहायता भी भेजी है।

### एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे

# अबू धाबी के हिंदू मंदिर ने बनाया रिकॉर्ड

**एजेंसी** | अबूधाबी

अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालु यहां पहुंचे। इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। सोमवार को यह मंदिर विशेष पूजा अर्चना के लिए आम लोगों के लिए बंद रहता है। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7.30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है।






### अंतरिक्ष से आई आफत, दो मंजिला इमारत में हुआ छेद

# फ्लोरिडा के घर पर गिरी रहस्यमयी वस्तु

**एजेंसी** | फ्लोरिडा

फ्लोरिडा में एक व्यक्ति के घर पर अचानक आसमान से एक वस्तु गिरी। उस वस्तु ने दो मंजिली इमारत की छत में छेद किया। फिर पहली मंजिल के फ्लोर में छेद किया। इसके बाद एक बच्चे के कमरे में गिरा। इस व्यक्ति ने अपने ट्विटर हैंडल पर इस घटना की सूचना डाली। जिसके बाद नासा इस वस्तु की जांच में लग गई है। माना जा रहा है कि यह वस्तु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से गिरा कचरा है। फ्लोरिडा के नेपल्स में रहने वाले अलेजांड्रो ओटेरो ने लिखा कि 8 मार्च को आसमान से कोई चीज गिरी तो छत को तोड़ते हुए मेरे बच्चे के कमरे आ गई। अलेजांड्रो को लगता है कि यह नासा द्वारा 2021 में स्पेस स्टेशन पर भेजे गए कार्गो पैलेट की ओल्ड बैटरी है। उम्मीद ये थी कि यह वस्तु धरती के वायुमंडल में जलकर खाक हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह वस्तु 8 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे अलेजांड्रो के घर पर गिरी। अलेजांड्रो के ट्वीट पर प्रसिद्ध एस्ट्रोफिजिसिस्ट जोनाथन मैक्डॉवल ने भी पुष्टि की।



### अंतरिक्ष में ऐसे 30 हजार से ज्यादा बड़े टुकड़े

इतना ही नहीं चीन के लॉन्ग मार्च रॉकेट के टुकड़े जमीन पर गिरते रहते हैं। जिसकी आलोचना पूरी दुनिया होती रहती है। दुनिया भर की स्पेस एजेंसियां इस बात पर नजर रखती है कि धरती के चारों तरफ चक्कर लगा रहे 30 हजार से ज्यादा कचरे के बड़े टुकड़े कहीं धरती पर न गिरें। गिरे तो ऐसी जगह जहां कोई नुकसान न हो।

### बैटरी पैलेट का टुकड़ा!

जोनाथन ने कहा कि यह EP-9 बैटरी पैलेट का टुकड़ा लगा रहा है। नासा के केनेडी स्पेस सेंटर के वैज्ञानिकों ने अलेजांड्रो के घर से यह टुकड़ा उठा लिया है। उसकी जांच हो रही है। नासा ने कहा कि जांच के बाद ही स्पष्ट तौर पर बता पाएंगे कि यह वस्तु असल में स्पेस स्टेशन से आया है, या किसी और ग्रह या एस्टेरॉयड का टुकड़ा है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बैटरी पैलेट नासा का है, लेकिन इसे लॉन्च जापानी स्पेस एजेंसी ने किया था। इसलिए अब यह दिक्कत हो रही है कि इसके गिरने की जिम्मेदारी नासा लेगा या जापानी स्पेस एजेंसी जाक्सा लेगी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl